# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली गुरुवार 21 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 148 पेज -08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## सीएम नायब सैनी का बड़ा फैसला हरियाणा के स्कूलों में 25 मई से 30 जून तक सरकारी छुट्टियां



**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षा विभाग की एक उच्च स्तरीय विशेष बैठक में स्कूली शिक्षा, प्रशासनिक व्यवस्था और अनुशासन को लेकर कई बड़े और बेहद कड़े फैसले लिए गए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के शिक्षा मंत्री और विभाग के आला अधिकारी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान राज्य के छात्रों की पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार करने, स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और बच्चों के समग्र मानसिक व शारीरिक विकास को लेकर नई व्यापक गाइडलाइंस तय की गई हैं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से लागू किया जा रहा है। शिक्षा विभाग की इस समीक्षा बैठक के तुरंत बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के नौनिहालों के हित में एक बड़ी घोषणा की।

# 'जनता का विश्वास जीतना ही पुलिस की सबसे बड़ी जीत'

## पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड बोले संवेदनशील, अनुशासित और तकनीकी रूप से मजबूत बने नई पुलिस फोर्स

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**1393 रिक्रूट आरक्षियों को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने दिया आधुनिक पुलिसिंग का विशेष प्रशिक्षण**

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नव नियुक्त 1393 रिक्रूट आरक्षियों को आधुनिक, तकनीकी और व्यवहारिक पुलिसिंग का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से थाना नंदग्राम क्षेत्र स्थित एक यूनिवर्सिटी सभागार में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कानून व्यवस्था, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सोशल मीडिया नीति, भीड़ नियंत्रण, बीट पुलिसिंग, अनुशासन, वीआईपी सुरक्षा और जनसंपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकरन नैय्यर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात द्वारा किया गया।

### पुलिस सिर्फ कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, जनता की सुरक्षा का भरोसा है - पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड



करंट क्राइम । पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि गाजियाबाद पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों पर कार्रवाई करना नहीं बल्कि समाज में शांति, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एक सफल पुलिसकर्मी वही है जो जनता के दर्द को समझे, संवेदनशीलता के साथ काम करे और हर परिस्थिति में अनुशासन बनाए रखे। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसिंग तेजी से बदल रही है। साइबर अपराध, डिजिटल फ्रॉड और तकनीकी चुनौतियों के दौर में नई पुलिस फोर्स को मानसिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना जरूरी है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों से कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी और जनसेवा का प्रतीक है। जनता पुलिस से सुरक्षा, न्याय और भरोसे की उम्मीद करती है, इसलिए हर जवान को अपने व्यवहार और कार्यशैली से विभाग की गरिमा बनाए रखनी होगी।



### 'बीट पुलिसिंग से मजबूत होगा जनता और पुलिस का रिश्ता' : डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी



करंट क्राइम । सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बीट पुलिसिंग, वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा और अपराध नियंत्रण में तकनीक की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीट पुलिसिंग केवल औपचारिक व्यवस्था नहीं बल्कि पुलिस और जनता के बीच भरोसे की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने बताया कि बीट अधिकारी को अपने क्षेत्र के प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति, संदिग्ध गतिविधि और स्थानीय समस्याओं की जानकारी होनी चाहिए। इससे अपराध रोकने में काफी मदद मिलती है।

### सोशल मीडिया नीति, अनुशासन और प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी मिला प्रशिक्षण

अभिषेक श्रीवास्तव ने अनुशासन और आचार संहिता, प्रियाश्रीपाल ने सोशल मीडिया नीति और सूर्यबली मौर्य ने राजस्व एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने रिक्रूट आरक्षियों को बताया कि आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक, व्यवहार और संवेदनशीलता तीनों का संतुलन बेहद जरूरी है।

### 'नई पुलिस फोर्स को बनाया जा रहा हाईटेक और जनहितैषी'

पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट नई पुलिस फोर्स को तकनीकी रूप से सक्षम, व्यवहारिक रूप से मजबूत और जनता के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। रिक्रूट आरक्षियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि पुलिस की असली पहचान केवल कार्रवाई नहीं बल्कि जनता के बीच विश्वास, सुरक्षा और सेवा की भावना है।

### 'वीआईपी ड्यूटी से कानून व्यवस्था तक हर मोर्चे पर सतर्कता जरूरी' : एडिशनल सीपी केशव चौधरी



करंट क्राइम : एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को वीवीआईपी और वीआईपी ड्यूटी, सुरक्षा प्रोटोकॉल, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वीआईपी सुरक्षा अत्यंत संवेदनशील ड्यूटी होती है, जहां छोटी सी लापरवाही भी गंभीर परिणाम ला सकती है। इसलिए हर पुलिसकर्मी को सतर्क, अनुशासित और मानसिक रूप से तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग में तकनीक का महत्व तेजी से बढ़ा है। पुलिसकर्मियों को डिजिटल जांच, साइबर अपराध और स्मार्ट पुलिसिंग की जानकारी होना बेहद जरूरी है। केशव चौधरी ने जवानों को निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान जनता के साथ विनम्र और सहयोगात्मक व्यवहार रखें, क्योंकि पुलिस की छवि जनता के बीच उसके व्यवहार से ही बनती है।

### 'आंदोलन और कानून व्यवस्था में संयम सबसे बड़ी ताकत' : डीसीपी सिटी धवल जायसवाल



करंट क्राइम डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने रिक्रूट आरक्षियों को किसान आंदोलन, श्रमिक आंदोलन, छात्र प्रदर्शन और आकस्मिक कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और यातायात बाधित करने जैसी गतिविधियों पर पुलिस को सख्ती से कार्रवाई करनी होती है। धवल जायसवाल ने जवानों को सिखाया कि किसी भी तनावपूर्ण स्थिति में संयम, धैर्य और त्वरित निर्णय क्षमता सबसे बड़ा हथियार होती है। उन्होंने कानून व्यवस्था ड्यूटी के दौरान भीड़ की मनोस्थिति समझने, अफवाहों पर नजर रखने और समय रहते प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी का व्यवहार जितना संतुलित होगा, उतनी ही बेहतर तरीके से हालात नियंत्रित किए जा सकेंगे।

### 'भीड़ नियंत्रण पुलिस की सबसे संवेदनशील जिम्मेदारी' : एडीसीपी पीयूष सिंह



करंट क्राइम : पीयूष कुमार सिंह अपर पुलिस उपायुक्त अपराध ने रिक्रूट आरक्षियों को त्योहारों, धार्मिक आयोजनों, मेलों, जुलूसों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़ी भीड़ के बीच पुलिस की भूमिका केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं होती बल्कि लोगों की जान-माल की रक्षा और किसी भी प्रकार की भगदड़ या अफरा-तफरी को रोकना भी पुलिस की जिम्मेदारी होती है। पीयूष सिंह ने जवानों को बैरिकेडिंग, रूट डायवर्जन, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी और आपातकालीन प्रतिक्रिया के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान पुलिसकर्मी को अत्यधिक सतर्क और सक्रिय रहना पड़ता है क्योंकि छोटी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

---

**अवैध कब्जे को देखकर जब भड़क गयी मेयर सुनीता दयाल**

## कब्जा करने वाले को हड़काया और निगम के अधिकारी को फोन लगाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेयर सुनिता दयाल का अंदाज हमेशा एक्टिव मोड पर रहता है। अव्यवस्था बाजार में हो, मजार पर हो या फिर नदी किनारे हो वो मौके पर पहुंचती हैं और एक्शन लेती हैं। बुधवार को मेयर सुनिता दयाल का एंग्री एक्शन अंदाज दिखाई दिया। वो इंदिरापुरम पहुंची थी और यहां उनकी नजर ग्रीन बैल्ट पर बनी अवैध झुग्गियों पर पड़ी। उनका पारा तब हाई हो गया जब वहां रहने वाले एक व्यक्ति ने फैजल का नाम लिया। उसने कहा कि ये झुग्गी बस्ति फैजल ने बसाई है। एक तो मौसम का पारा हाई और उपर से मेयर का लहजा फिर तल्ख हो गया। उन्होंने ये बात करने वाले को टाईट किया और मौके से ही निगम अधिकारी को फोन मिलाया। कनावनी के किनाये ये अवैध झुग्गियां किसके ईशारे पर बसाई गयी हैं। उन्होंने बताया कि बात केवल अवैध झुग्गियों की नहीं है बात इनमें रहने वाले अवैध रोहिंगिया और बांगलादेशियों की भी है। मेयर के इस अंदाज के बाद निगम प्रशासन भी एक्शन में आ गय। जल्द ही यहां कार्यवाही होगी। मेयर का ये एक्शन अंदाज छाया।

## 44 डिग्री की तपिश में धधका गाजियाबाद, 24 घंटे में आधा दर्जन जगह आग

**आग का कहर**

**बीएस रोड की फैक्ट्री और हिंडन के ऑटो वर्कशॉप में भीषण आग, 12 दमकल गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू**

### दो बड़े अग्निकांडों ने दमकल विभाग की फुलाई सांसें





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीषण गर्मी अब आग के रूप में कहर बरपा रही है। 44 डिग्री के करीब पहुंचे तापमान के बीच गाजियाबाद कमिश्नरेट क्षेत्र में बीते 24 घंटे के भीतर आधा दर्जन स्थानों पर आग लगने की घटनाओं ने प्रशासन और दमकल विभाग की नींद उड़ा दी। बुधवार सुबह हुई दो बड़ी घटनाओं में हालात इतने भयावह हो गए कि दमकल विभाग को जिले के साथ-साथ गौतमबुद्धनगर और हापुड़ से भी फायर यूनिट बुलानी पड़ी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और बड़े नुकसान तथा जनहानि को टाल दिया।

**बीएस रोड इंडस्ट्रियल एरिया में धधकी फैक्ट्री, आसमान में छाया काला धुआं :** पहली बड़ी घटना सुबह 4:02 बजे थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित बीएस रोड इंडस्ट्रियल एरिया की ओमेगा प्रिंट पैक्स फैक्ट्री में हुई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी फैक्ट्री से ऊंची लपटें और काला धुआं उठने लगा। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन कोतवाली से कई फायर टेंडर मौके पर भेजे गए। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने देखा कि आग तेजी से फैक्ट्री के अंदरूनी हिस्सों में फैल चुकी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में चार हौज पाइप फैलाकर पानी की पंपिंग शुरू की गई। कई हिस्सों में दमकल कर्मियों को दीवारें तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा।

**12 दमकल गाड़ियों ने संभाला मोर्चा, आसपास की फैक्ट्रियों को बचाया :** आग की गंभीरता को देखते हुए जिले के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियां बुला ली गईं। इसके अलावा गौतमबुद्धनगर और हापुड़ से भी फायर यूनिट मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू और फायर ऑपरेशन में कुल 12 दमकल गाड़ियों ने आग बुझाने का काम किया। दमकल विभाग की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि आग को आसपास की अन्य फैक्ट्रियों तक फैलने से रोक लिया गया, वरना नुकसान कई गुना बढ़ सकता था। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फैक्ट्री मालिक का नाम शिवांश चौधरी बताया गया है।

**हिंडन में ऑटो वर्कशॉप में लगी आग, छह गाड़ियां चपेट में आई :** दूसरी बड़ी घटना सुबह करीब 5 बजे हिंडन क्षेत्र में रैपिड मेट्रो स्टेशन और न्यू बस स्टैंड के पास धर्म कांटा स्थित न्यू ऑटो लाइफ मोटर्स वर्कशॉप में हुई। आग लगते ही वर्कशॉप में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी दो फायर टैंकर और वाटर ब्राउजर के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने तत्काल दो हौज पाइपों के जरिए पानी डालना शुरू किया और कुछ ही देर में आग पर नियंत्रण पा लिया।

**तीन गाड़ियां बचीं, बड़ा हादसा टला –** वर्कशॉप के अंदर कुल छह गाड़ियां खड़ी थीं। आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन फायर यूनिट की त्वरित कार्रवाई से तीन गाड़ियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। साथ ही आग को आसपास फैलने से भी रोक दिया गया। मौके पर स्थानीय पुलिस और वर्कशॉप मालिक मोहम्मद आरिफ उर्फ कल्लू मिस्त्री मौजूद रहे। इस घटना में भी कोई जनहानि नहीं हुई।

### 'भीषण गर्मी में बढ़ा आग का खतरा' : राहुल पाल



करंट क्राइम । मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि लगातार बढ़ती गर्मी और बिजली उपकरणों पर बढ़ते लोड के कारण आग लगने की घटनाओं में तेजी आई है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों, गोदामों और वर्कशॉप संचालकों से अपील की कि वे फायर सेफ्टी उपकरणों को सक्रिय रखें, बिजली वायरिंग की नियमित जांच कराएं और ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर रखें।

### महत्वपूर्ण बिंदु

24 घंटे में आधा दर्जन स्थानों पर आग की घटनाएं ● बीएस रोड फैक्ट्री में लगी भीषण आग ● गौतमबुद्धनगर और हापुड़ से भी बुलानी पड़ी फायर यूनिट ● कुल 12 दमकल गाड़ियों ने पाया आग पर काबू ●हिंडन वर्कशॉप में छह वाहन आग की चपेट में आए ●दमकल कर्मियों ने तीन गाड़ियों को सुरक्षित बचाया ●दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई ●44 डिग्री तापमान के बीच बढ़ीं आग की घटनाएं

---

## सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग की सराहनीय पहल

# पांच निर्धन बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाया

**प्रेरणादायक पहल**

**अभिषेक गर्ग स्वयं विद्यालय पहुंचे और उन्होंने बच्चों की कुल फीस 82,200 रुपये का भुगतान किया**







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट स्थित सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में आज समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में एक अत्यंत प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। समाजवादी पार्टी (सपा) उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने विद्यालय में अध्ययनरत पांच आर्थिक रूप से कमजोर एवं निर्धन विद्यार्थियों की पूरी एक साल की शिक्षा का खर्च उठाने का जिम्मा लिया है। अभिषेक गर्ग स्वयं विद्यालय परिसर पहुंचे और उन्होंने इन होनहार बच्चों की कुल वार्षिक फीस 82,200 रुपये का भुगतान किया। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावकों को फीस का चेक सौंपकर उन्हें सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर बच्चों के भविष्य के प्रति एक नई उम्मीद दिखाई दी।

**प्रधानाचार्य सहित कई लोग रहे मौजूद :** करंट क्राइम। इस सराहनीय और पुनीत कार्य के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शरणबीर सिंह, रविदास टेम्पल ट्रस्ट के अध्यक्ष हरस्वरूप सिंह, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज के प्रबंधक कृपाल सिंह, डॉ. चरण सिंह, रामकिशन प्रधान, गंगा शरण बबलू एडवोकेट, चंद्र भूषण, केहर सिंह, उपप्रधानाचार्य अजीत कुमार, सोनम बोध सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अभिषेक गर्ग की इस मानवीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### बच्चों की मदद के लिए आगे भी रहूंगा तत्पर: अभिषेक गर्ग



करंट क्राइम । इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने कहा, शिक्षा पाना प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। किसी भी बच्चे की प्रतिभा या उसकी पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण नहीं रुकनी चाहिए। समाज के हर सक्षम व्यक्ति को ऐसे बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। मैं अपने स्तर से आगे भी ऐसे बच्चों की जितनी संभव हो सकेगी, अधिक से अधिक मदद करता रहूँगा। सपा नेता द्वारा जिन विद्यार्थियों की वार्षिक फीस का वहन किया गया है, उनमें कक्षा 2 के प्रियांशु, कक्षा 4 के अरहान व हर्ष वर्धन, कक्षा 8 की गौरी और कक्षा 9 की चंचल शामिल हैं। ये सभी बच्चे गाज़ियाबाद के जटवाड़ा और डासना गेट क्षेत्र के

## ज्येष्ठ दशहरा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया एडवाइजरी प्लान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ज्येष्ठ दशहरा पर्व के अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था 23 मई की रात 8 बजे से 26 मई तक लागू रहेगी।

एडीसीपी ट्रैफिक वरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जारी किए गए ट्रैफिक प्लान के अनुसार गाजियाबाद से होकर गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ की ओर जाने वाले भारी व्यावसायिक वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा मिल सके। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ आदि की ओर जाने वाले सभी भारी वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग-9 से हापुड़ की तरफ नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहनों को डासना से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के जरिए सिकंदराबाद, बुलंदशहर, डिबाई और नरौरा होकर अपने गंतव्य तक भेजा जाएगा।

इसके अलावा कुंडली और पलवल से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के माध्यम से हापुड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश भी एग्जिट-4ए से बंद रहेगा। इन वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जाएगा।

यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।

21 May -26 page 2 20-05-26 9:57 PM Page 1





# यूपी में 23 मई तक पड़ेगी भयंकर गर्मी, आईएमडी का अलर्ट



## दिन ही नहीं रात का तापमान भी रहेगा सामान्य से अधिक




## मानसून के 26 मई को केरलम आने की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार से 23 मई तक गर्मी अपने प्रचंड रूप में रहेगी। भारतीय मौसम विभाग ने इसको लेकर चेतावनी भी जारी कर दी है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 19 मई से लेकर 23 मई तक प्रदेश के एक बड़े हिस्से में ह्यउष्ण लहरह्ण से ह्यभयंकर उष्ण लहरह्ण यानी सीवियर हीटवेव की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लगातार सूरज की तपिश और गर्म हवाओं का सितम जारी रहेगा, जबकि पूर्वी यूपी के दक्षिणी हिस्से भी इसकी चपेट में रहेंगे। इस दौरान न सिर्फ दिन का बल्कि रात का तापमान भी सामान्य से अधिक रहेगा, जिससे रात में भी गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा है। प्रदेश के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। पारा सोमवार से लगातार बढ़ेगा और कुछ जिलों में यह 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। एक बार फिर से भीषण लू चलने के भी आसार हैं। मौसम विभाग ने इसको लेकर प्रदेश के दक्षिणी भाग के कुछ जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में फिलहाल प्रभावी मौसम तंत्र नहीं है। ऐसे में आगामी चार से पांच दिनों में प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा।

## तंदूर सी तपती दिल्ली, पारा 45 डिग्री के पार

**हाय गर्मी!**

**तपिश इतनी ज्यादा है कि मंगलवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया**



नई दिल्ली। दिल्ली को थार और बलूचिस्तान की रेगिस्तानी गर्म हवाएं झुलसा रही हैं। इस कारण तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। तपिश इतनी ज्यादा है कि मंगलवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं, दिनभर लू के थपेड़े लगे। मौसम विभाग ने अधिकारिक रूप से महीन का पहला लू वाला दिन घोषित किया। दिन के साथ-साथ रात की गर्मी ने भी लोगों को परेशान किया। आने वाले दिनों में भी इस गर्मी से राहत के संकेत नहीं है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गर्म हवाएं चलेंगी और तापमान रिकॉर्ड तोड़ते हुए 46 डिग्री या उसके पार पहुंच सकता है। आसमान से बरसती आग और भीषण गर्मी के बीच दिल्ली वासियों का हाल बेहाल है। मंगलवार को ज्यादातर इलाकों में दिन का तापमान 44 या 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया।

## भीषण गर्मी में डीएम के नए आदेश, नर्सरी से 8वीं तक के स्कूल बंद

**आगरा।** भीषण लू के अलर्ट के बाद जिला प्रशासन ने स्कूलों के संचालन में बदलाव किया है। 20 मई को नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालय बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई ऑनलाइन माध्यम से कराई जाएगी। आदेश का पालन न करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। डीएम मनीष बंसल के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर ने 19 मई को इस संबंध में आदेश जारी किए थे।

## भीषण गर्मी में भट्ठी बनीं ट्रेनें, कई यात्री बीमार

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों का सफर अग्निपरीक्षा साबित हो रहा है। तकनीकी खामियों और प्रशासनिक लापरवाही के कारण ट्रेनों के भीतर यात्री बीमार पड़ रहे हैं। मामला छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस और राप्तीसागर एक्सप्रेस का है, जहां एसी कूलिंग पूरी तरह ठप होने के कारण कई यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। उल्टी, दस्त और दम घुटने की शिकायत के बाद ऐशबाग स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। गाड़ी संख्या 15053 छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के सेकंड एसी कोच (ए-1) के यात्रियों ने बताया कि बोगी के एसी यूनिट ने अचानक काम करना बंद कर दिया।



# पैनेसिया हॉस्पिटल में आग लगने से महिला मरीज की मौत

### छह झुलसे, दो की हालत गंभीर; कई मरीज दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट

**हादसा**

**आईसीयू में भर्ती 55 वर्षीय महिला मरीज की मौत, तीन पुलिसकर्मी भी बचाव के दौरान झुलसे**




**देहरादून।** देहरादून के पैनेसिया हॉस्पिटल में अचानक आग लग गई। जिससे मौके पर अफरातफरी का माहौल है। हादसे में आईसीयू में भर्ती एक 55 वर्षीय महिला मरीज की मौत हो गई है। तीन पुलिसकर्मी भी बचाव के दौरान झुलसे हैं। वहीं कुल 11 लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक नवजात भी शामिल है।

कई मरीजों को दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया है। वहीं कैलाश अस्पताल में लाए गए छह मरीजों में से दो की हालत भी नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि एसी में ब्लास्ट होने के कारण अस्पताल में आग लग गई थी। जानकारी के मुताबिक पैनेसिया अस्पताल में बुधवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर को खाली करा लिया गया। गढ़वाल मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय व सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह घटनास्थल पहुंचे। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने भी घटनास्थल का जायजा लिया।

जानकारी के अनुसार अस्पताल में अचानक धुआं उठने लगा, जिसके बाद मरीजों और तीमारदारों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने तुरंत मरीजों को वार्डों से बाहर निकालना शुरू किया। कई मरीजों को एंबुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह एसी ब्लास्ट मानी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग के बाद कुछ ही देर में पूरे परिसर में धुआं भर गया था। इससे अस्पताल में भर्ती मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और आनन-फानन में रेस्क्यू शुरू किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## भीषण गर्मी में किसानों पर नई आफत: फसलों पर लू का कहर

**आगरा।** पहले बेमौसम बारिश और आंधी का सितम झेलने वाली फसलों के लिए बढ़ता तापमान और लू कहर बन गई हैं। खेतों में खड़ी फसलों के पत्ते और बेल झुलस रहे हैं। उनकी वृद्धि रुक गई हैं। सिंचाई से भी कोई खास लाभ नहीं हो रहा है। सबसे ज्यादा नुकसान खरबूजा, तरबूज, ककड़ी व अन्य बेल वाली फसलों को है।

जिले भर में करीब 40 हजार हेक्टेयर में जायद के खरबूजा, तरबूज, ककड़ी, खीरा व अन्य फसलें होती हैं। मई का महीना उनके लिए बहुत अहम होता है। इस समय लगभग 75 फीसदी फसल तैयार होने की कगार पर हैं। हालांकि लू का चलना खरबूजा और तरबूज के फलों में मिठास लाता है, लेकिन अधिक तापमान नुकसान पहुंचा रहा है। इस समय खेत में फलों की भरमार है।


गर्मी से उनकी बेल के सूखने से छोटे आकार के ही फल पक रहे हैं। किसान सिंचाई कर रहे हैं तो दिन की गर्मी से तपे फल पानी के संपर्क में आने से सड़ रहे हैं। इस गर्मी के सामने सिंचाई से भी ज्यादा दिन तक नमी नहीं रख पा रही है।

## पीएम मोदी के चॉकलेट गिफ्ट पर राहुल का करारा हमला

# 'आर्थिक तूफान भारत के सिर पर है, पीएम इटली में टॉफी बांट रहे'

**तीखा कटाक्ष**

**किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं - पीएम हंसकर रील बना रहे हैं**




**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर इटली की पीएम मेलोनी के दिए कैंडी उपहार को लेकर हमला बोला है। उन्होंने इस कृत्य को नेतृत्व नहीं, बल्कि एक नौटंकी करार दिया है। राहुल गांधी का यह बयान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा मोदी को मेलोडी टॉफी का पैकेट देते हुए एक वीडियो पोस्ट करने के बाद आया है।

**क्या लिखा राहुल ने एक्स पर?** : राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि 'आर्थिक तूफान सिर पर है, और हमारे प्रधानमंत्री इटली में टॉफी बांट रहे हैं! किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर और छोटे व्यापारी सब रो रहे हैं - पीएम हंसकर रील बना रहे हैं, और भाजपा वाले ताली बजा रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, नौटंकी है।'

**वीडियो हुआ वायरल** : इससे पहले इतालवी पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 12 सेकंड की वीडियो क्लिप साझा की थी। जिसमें वो भारत के प्रधानमंत्री मोदी के साथ दिख रही हैं।

### भाजपा ने राहुल पर किया पलटवार

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कहा, राहुल का आज का बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और कहीं न कहीं उनकी अराजकतावादी मानसिकता को दिखाता है। मैं मानता हूं कि भारतीय राजनीति में जहां सुचिता, सामाजिकता और एक-दूसरे को सम्मान देने की प्रक्रिया है, उसमें उनका यह बयान बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

## थानाध्यक्ष के छूते ही भड़कीं सांसद इकरा हसन

# 'हाथ मत लगाना मुझे इतनी हिम्मत नहीं तुम्हारी'



**नाराज सांसद ने पुलिस पर संवेदनहीनता का आरोप लगाय**

**सहारनपुर।** सपा सांसद इकरा हसन ने मंगलवार को सहारनपुर में पुलिस कार्रवाई के खिलाफ कोतवाली सदर बाजार में धरना दिया। सपा कार्यकर्ताओं को जेल भेजे जाने से नाराज सांसद ने पुलिस पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया और कहा कि जब तक सभी कार्यकर्ताओं को रिहा नहीं किया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने के दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक भी हुई। इसी बीच महिला थाना प्रभारी के छूने पर सांसद नाराज हो गईं और कहा, हाथ मत लगाइए, इतनी हिम्मत नहीं है आपकी।

**डीआईजी से मिलने पहुंचीं थीं सांसद** : कैराना सांसद इकरा हसन शामली के जसाला गांव में मोनू कश्यप की मौत के मामले में मृतक की मां को लेकर पुलिस उप महानिरीक्षक से मिलने पहुंची थीं। महिला ने अपने बेटे की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सांसद का आरोप है कि पुलिस उप महानिरीक्षक ने उनकी बात तो सुनी, लेकिन इसके बाद कुछ ऐसी बात कही जिससे पीड़िता रोते हुए कार्यालय से बाहर निकल गई। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

**हिरासत के बाद भड़का विवाद**

सांसद के अनुसार पुलिस ने यातायात व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में उन्हें हिरासत में लेकर महिला थाना ले जाया गया। वहां उन्हें करीब दस मिनट तक बैठाकर रखा गया और बाद में छोड़ दिया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने सपा के पूर्व राज्यमंत्री मांगेराम कश्यप, कश्यप एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मेहरा, प्रदेश अध्यक्ष अनुज कश्यप, शीशपाल कश्यप और सत्यपाल कश्यप समेत कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी मिलने पर सांसद कोतवाली सदर बाजार पहुंचीं और धरने पर बैठ गईं।

**पुलिस अधिकारियों से तीखी नोकझोंक** : धरने के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने सांसद से बातचीत कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

## सरनेम के इस्तेमाल पर सीएम की सफाई, कहा-

# बस अपने पिता को याद किया, इसमें गलत क्या?

**बचाव**

**सीएम सतीशन ने यह भी बताया कि उन्होंने मन ही मन अपनी मां को भी याद किया**



**केरल।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने नाम के साथ 'मेनन' शब्द जोड़ने पर अपना बचाव किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल अपने पिता का नाम लिया था।

उनके अनुसार, ऐसे खास मौके पर अपने पिता को याद करने में कुछ भी गलत नहीं है।

कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सतीशन ने पूछा कि अगर वह अपने पिता का नाम लेते हैं, तो इसमें क्या बुराई है।

उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने मन ही मन अपनी मां को भी याद किया। अगर वहां मां का नाम लेने की गुंजाइश होती, तो वह उनका नाम भी जरूर लेते।

## पुलिस ने 10 लाख के गहनों से भरा बैग मालिक को लौटाया

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक पुलिस अधिकारी ने ईमानदारी की बड़ी मिसाल पेश की है। विवेकानंद चौक पुलिस स्टेशन में तैनात सहायक निरीक्षक अन्नासाहेब खोडेवाड को सड़क पर 10 लाख रुपये के कीमती सामान से भरा एक बैग मिला। उन्होंने तुरंत विभाग को इसकी सूचना दी और बैग को उसके असली मालिक तक पहुंचाया। यह घटना 16 मई की रात की है। अन्नासाहेब खोडेवाड अपने एक दोस्त के साथ निजी गाड़ी से जा रहे थे।

शहर के एक कॉलेज के पास उन्हें सड़क पर एक काले रंग का बैग दिखाई दिया। जब उन्होंने बैग की जांच की, तो उसमें सोने और चांदी के गहने मिले। उन्होंने बिना देरी किए अपने विभाग को इस बारे में बताया। पुलिस ने जांच शुरू की और बैग के मालिक का पता लगाया।

## आरक्षण भिक्षा नहीं अधिकार है, पीडीए की आवाज दबाई जा रही है: अखिलेश यादव

**आरोप**

**पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बीजेपी पर आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का आरोप लगाया**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को बीजेपी सरकार पर संवैधानिक आरक्षण प्रणाली को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लोगों को संविधान के तहत गारंटीकृत अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सपा चीफ ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, आरक्षण की लूट से संबंधित पीडीए ऑडिट नामक एक दस्तावेज जारी किया और कहा कि रिपोर्ट को अधिक डेटा और तथ्यों के साथ अपडेट किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा, पीडीए ऑडिट और आरक्षण की लूट पर इस दस्तावेज में सुधार जारी रहेगा और इसमें अधिक डेटा शामिल किया जाएगा। दरअसल, अखिलेश यादव ने जून 2023 में पीडीए शब्द गढ़ा था जिसका उनके अनुसार अभिप्राय है पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक।

## 'स्पा सेंटर' की आड़ में चल रहा था गंदा धंधा, छह हिरासत में

**इटावा।** इटावा जिले में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में संचालित एक स्पा सेंटर पर मंगलवार देर शाम पुलिस ने छापा मारकर महिला संचालक, तीन युवतियों समेत छह को हिरासत में लिया है। अनैतिक गतिविधियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया।

पुलिस पकड़े गए लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही गलत काम करने पर स्पा सेंटर को सील कर दिया गया है। मंगलवार रात सीओ सिटी अभय नारायण राय और फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्र भारी पुलिस बल और महिला पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में चल रहे एक स्पा सेंटर पर पहुंचे। पुलिस की इस अचानक हुई छापेमारी से पूरे इलाके और स्पा सेंटर के भीतर हड़कंप मच गया। भागने का प्रयास कर रहे लोगों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

# महंगाई डायन खाय जात है: माल भाड़ा बढ़ने से फल-सब्जियां महंगी

**हाय महंगाई!**

**रेत-बजरी की कीमतों में भी उछाल की आशंका जताई जा रही है, असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा**



**बरेली।** बरेली में ईंधन की कीमतों में वृद्धि की वजह से ट्रांसपोर्टरों ने माल भाड़ा बढ़ा दिया है। इससे दूसरे राज्यों व जिलों से आने वाला माल महंगा हो गया है। फल-सब्जियों की कीमतें बढ़ गई हैं। रेत-बजरी की कीमतों में भी उछाल की आशंका जताई जा रही है। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा।

डेलापीर मंडी में रोज 50 ट्रकों से फलों व सब्जियों की आवक होती है। मंडी के आढ़ती सलीम खान व शुजाउर रहमान ने बताया कि प्याज की जो गाड़ी मध्य प्रदेश से 35 हजार रुपये में आती थी, अब उसका किराया 49 हजार रुपये हो गया है। कश्मीर से 92 हजार रुपये में आने वाले फलों की गाड़ियों का भाड़ा अब 1.20 लाख रुपये हो गया है। दिल्ली से आने वाली गाड़ियों पर करीब एक हजार रुपये का अंतर आ रहा है। नतीजा, फलों सब्जियों की कीमत में पांच से सात रुपये प्रति किलो तक की वृद्धि हो गई है। ट्रांसपोर्टर अभी और किराया बढ़ाने की बात कह रहे हैं।

## लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर सेवानिवृत्त सीओ ने दी जान

**कांठ (मुरादाबाद)।** छजलैट के रमपुरा गांव में सोमवार की रात किसी समय सेवानिवृत्त सीओ लखपत सिंह (89) ने अपनी लाइसेंसी राइफल से ठोड़ी के पास गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह उनका शव घर में ही बेड पर पड़ा मिला और सीने पर राइफल रखी थी।

बेटे ने भी लिखित में पुलिस को दिया है कि उनके पिता ने आत्महत्या की है। बताया जा रहा है कि करीब छह माह पहले सेवानिवृत्त सीओ की पत्नी विद्या देवी की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से वह परेशान चल रहे थे। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि छजलैट के रमपुरा निवासी लखपत सिंह वर्ष 1995 में पुलिस विभाग से सीओ पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

# पीएम मोदी की अपील का असर 850 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बिके

**असर**

**बिक्री में 10 फीसदी कार, 30 फीसदी ई-स्कूटी व 60 फीसदी ई-रिक्शा शामिल**



**बरेली।** प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 10 मई को की गई पेट्रोल-डीजल के सीमित इस्तेमाल की अपील का असर दिखने लगा है।

11 से 19 मई के बीच नौ दिनों में ही बरेली में 850 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई है। इसमें 10 फीसदी कार, 30 फीसदी ई-स्कूटी व 60 फीसदी ई-रिक्शा शामिल हैं। इस अवधि में वाहनों के पंजीयन पर गौर करें तो 65 इलेक्ट्रिक बीओवी (बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल) और 201 प्योर इलेक्ट्रिक व्हीकल का पंजीकरण हुआ। शोरूम संचालकों के मुताबिक, इस अवधि में जिले के 15 शोरूम से करीब 600 ई-स्कूटी की बिक्री हुई। इसके लिए पंजीयन की जरूरत नहीं होती।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 21 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# दैनिक करंट क्राइम ने जब समाज की कुरीतियों पर ली जनता की राय

## पब्लिक ने कहा, दहेज प्रथा और जातिवाद समाप्त किया जाए

Deepak Bhati
23h

आप समाज की कौन सी कुप्रथा को समाप्त करना चाहेंगे ?
#current crime

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम समय समय पर जनता से जुड़ी बातों को जनता के बीच रखता है। अखबार का सरोकार समाज के हर पहलू से होता है। दैनिक करंट क्राइम ने समाज में फैली कुरीतियों को लेकर जनता से राय पूछी थी। ये जानना चाहा था कि पब्लिक आज की तारीख में कौन सी ऐसी कुरीति है जिसे वो नहीं चाहती है। हमेशा की तरह हमारे पाठकों का प्यार दैनिक करंट क्राइम परिवार को मिला है। दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर लोग खुलकर सामने आये। अलग अलग कुरीतियां बताईं। उन्होंने बताया कि समाज से ये कुरीतियां समाप्त होनी चाहिएं। सभी पाठकों ने पूरी ईमानदारी और बेबाकी से अपनी राय रखी। यहां पर पाठकों ने कुरीतियों को समाप्त किये जाने केसाथ साथ कुछ आदर्श मूल्यों को लेकर भी अपनी बात रखी। बड़ी बात ये है कि कुरीतियों को समाप्त करने की इस पहल में समाज के सभी वर्गों के लोग एक साथ आये। समाज के लोगों ने ये बताया कि आज ग्लोबलाईजेशन के युग में, आज शिक्षा और विकास के इस युग में कई ऐसी परम्परायें हैं जो कुरीतियां हैं लेकिन हम उन्हें परम्पराओं के रूप में लेकर चल रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों के शब्दों को अपने पाठकों की राय को, उनके सुझावों को आपके समक्ष रख रहा है।

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**आशीष चांदीवाल**
नाली की पुलिया से ले कर कोयले की खदानों तक कमिशन बिना कुछ नहीं होता है जब तक इस देश में रिश्वत बंद नहीं होगी ये विकासशील ही रहेगा क्यों कि विकास खत्म ही नहीं होगा और विकसित देश की श्रेणियों में नहीं आ पाएगा।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**प्रशांत कुमार**
मैं समाज से दहेज प्रथा को समाप्त करना चाहूँगा, क्योंकि यह बेटियों और उनके परिवारों के लिए अभिशाप बन चुकी है। दहेज के कारण कई परिवार आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करते हैं। हमें संकल्प लेना चाहिए कि न दहेज लेंगे और न देंगे।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**मयंक शर्मा**
सर्वप्रथम समाज से दहेज प्रथा समाप्त होनी चाहिए क्योंकि एक पिता अपना सब कुछ झोंक कर बेटी का विवाह करता है वही कुछ घटिया मानसिकता के लोग बेटी की जान सिर्फ इस लिए ले लेते हैं कि उनको दहेज में अपना मन मुताबिक नहीं मिल पाता!!
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**ममता मेहरा झा**
समाज की सबसे बड़ी कुरीति सिर्फ गरीबी या अशिक्षा नहीं, बल्कि लोगों की चुप्पी है। जब गलत को देखकर भी लोग डर, स्वार्थ या राजनीति के कारण आवाज नहीं उठाते, तभी भ्रष्टाचार, जातिवाद, नफरत और अन्याय बढ़ते हैं।
Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**जग्गी भाई**
समाज में दहेज प्रथा खत्म होनी चाहिए। अभी हाल ही में कई ऐसी घटनाएं घटी कि मां-बाप ने अपनी बेटी की शादी में करोड़ों रुपए खर्च करें और समाज के लोग उन्हें उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर किया।
Like Comment Share

**हरीश कसाना**
दहेज प्रथा एवं जातिवाद शक्त से शक्त कानून बनना चाहिए।

**लक्ष्यदीप समाजसेवी**
मृत्यु भोज।

**नरेश बत्रा**
शादी सिम्पल हो और 50 बराती हो, दहेज प्रथा बंद हो।

**दिनेश गुर्जर**
दहेज प्रथा।

**विधु गर्ग**
वोट बैंक के चक्कर में पूरे समाज फ्री सुविधाओं की लत लगा दी है। यह बंद होनी चाहिए।

**मनोज गर्ग**
दहेज प्रथा बंद होनी चाहिए।

**विरेश नागर**
दहेज प्रथा। यह एक ऐसी कुप्रथा है जो रिश्तों को सौदे में बदल देती है। इसे खत्म करके ही समाज में सच्चा सम्मान और बराबरी लाई जा सकती है।

**इंदु तोमर**
दहेज प्रथा बंद होनी चाहिए जिसमें हमारी बेटियों को बलि चढाया जा रहा है।

**अजय चौधरी**
अन्धभक्ती को खत्म करना चाहता हूं।

**गीतिका नारंग**
जाति प्रथा और दहेज प्रथा बिल्कुल खत्म हो।

**सुभाष चंद गौतम**
भेदभाव उच्च नीच की भावना समाप्त होनी चाहिए।

**उद्यान गर्ग**
जातिवाद और आरक्षण समूल रूप से खत्म होना चाहिए। आरक्षण का आधार शारीरिक एवं आर्थिक रूप से होना चाहिए।

**अभिषेक पंडित**
समाज में दहेज प्रथा व नशाखोरी बिल्कुल बंद होनी चाहिए दहेज प्रथा चलन के कारण हर समाज जाति धर्म में 80 % बहन-बेटियों की हत्या दहेज की बढ़ती भूख की वजह से होती हैं व नशा खोरी की लत की वजह से भी बहन बेटियों के साथ मारपीट, घरेलु हिंसा,व आय दिन छेड़छाड़ आदि घटनायें होती रहती हैं इसलिए दहेज प्रथा व नशा खोरी दोनों बंद होनी बहुत जरूरी है।

**नारी देव**
मैं चाहता हूं दिखावा बंद होना चाहिए। अगर दिखावा बंद हो जाता है तो समाज में बहुत सुधार आएगा। शादी विवाह फंक्शन कुछ भी हो हर चीज में दिखावा चलता है, यह दिखावा बंद हो जाना चाहिए।

**एडवोकेट विपिन सैनी**
मैं समाज, सनातनी समाज के उन बड़े छोटे व्यक्तियों से निवेदन करना चाहता हूं कि वह अपने घर के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ सनातनी संस्कृति देने का काम करें जिससे हमारे बच्चे ना भटके।

**रुचि गर्ग**
मेरे विचार से इस पोस्ट पर लगभग सभी कुप्रथाओं की चर्चा की जा चुकी है परंतु उन कुप्रथाओं को समाज से कैसे दूर करे, कौन पहल करे, इस पर भी चर्चा जरूरी है। सब समस्या की तो बात करते हैं ना तो निदान की बात होती है और ना ही पहल की।

**पंचम चौधरी**
राजनीति में टिकट पैसों से नहीं कर्मठ जमीनी मेहनती कार्यकर्ता को मिलना चाहिए।

**प्रदीप चौधरी**
मैं समाज से दहेज प्रथा को समाप्त करना चाहूँगा। दहेज के कारण कई परिवार आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करते हैं। हमें संकल्प लेना चाहिए कि न दहेज लेंगे और न देंगे, तभी समाज में समानता और सम्मान बढ़ेगा।

**मनमोहन चौहान**
खुद के लिए वकील बन जाना और दूसरे के लिए जज बन जाना।

**क्षितिज शर्मा**
गलत होते हुए देखकर भी उसे रोकना नहीं, ये सिर्फ चुप्पी नहीं होती। अक्सर किसी ना किसी स्वार्थ की गुलामी होती है। अन्याय करने वाला उतना दोषी नहीं होता, जितना वो इंसान जो सब देखकर भी खामोश रहता है।

**प्रीति चौबे**
मैं समाज से जातिवाद जैसी कुप्रथा को खत्म कर एक समान शिक्षा का अधिकार लाना चाहती हूं। देश आगे तभी बढेगा जब सबको शिक्षा का एक समान अधिकार मिलेगा।

**मौ. यूनुस कुरैशी**
समाज में सबसे बड़ी समस्या हो रही है भाईचारे का गिरता हुआ स्तर। हमें कुछ नफरती राजनीतिक लोगों के बहकावे में ना आकरभाईचारे को बढ़ाना चाहिए और मिलजुल कर रहना होगा।

**आशा सिंह**
दहेज प्रथा, जिसके कारण हमारी बहन बेटियों को आए दिन मरना पड़ रहा है उनकी हत्याएं की जा रही है।

**विकास सिंह महरोली**
जातिवाद समाज में ऐसा कीड़ा है जो आज समाज को कमजोर कर रहा है।

**मनोज बेबाक**
मैं समाज में मैं की भावना को खत्म करना चाहता हूं सबके अन्दर हम सब हम लोग की भावना हो .....

**प्रदीप ठाकुर**
समाज की सबसे बड़ी कुप्रथा है मृत्यु भोज। मृत्यु भोज बंद होना चाहिए ये समाज का वो दिखावा है जिससे समाज के कमजोर वर्ग के लोग अपनाने को मजबूर है।

**अविनाश ओझा**
दहेज प्रथा बंद होनी चाहिए।

**पंडित राहुल पाठक**
मैं समाज से जातिवाद और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना चाहूंगा। ये दोनों बुराइयाँ आज भी कई रिश्तों, सपनों और परिवारों को तोड़ रही हैं। जहाँ इंसान की पहचान उसकी जाति से नहीं, उसके संस्कारों से हो वही सच्चा समाज है। दहेज नहीं, बेटी का सम्मान दीजिए। जातिवाद नहीं, सनातन को अपनाइए।

**शैली इंडिया**
बलात्कार और पुरुष प्रधानता।

**प्रियंका पांडे**
जब गलत को देखकर भी लोग डर, स्वार्थ या राजनीति के कारण आवाज नहीं उठाते, तभी भ्रष्टाचार, जातिवाद, नफरत और अन्याय बढ़ते हैं।

**कमरुद्दीन सैफी**
समाज के अंदर आज जो बेइंतहा दहेज का चलन और ऊपर से दिखावा जो चल रहा है वो बंद होना चाहिए। दूसरा आज समाज में बेटियों को इंची टेप से हाइट नापी जा रही है। समाज में इंसानियत का स्तर लगातार गिर रहा है इंसानियत जिंदा रहनी चाहिए...

**प्रीति चंद्रा राय**
दहेज.. दहेज..और दहेज .. सबसे पहले... बेटियां बलि चढ़ती जा रही है दहेज की और तुम धर्म और जाति की बात कर रहे हो??? पेट भर ही नहीं रहा है तुम्हारा कितनी बेटियों की बलि दोगे और..

**लवली कौर**
जातिवाद और दहेज प्रथा समाप्त होनी चाहिए

**कपिल मित्तल**
मैं तो यह गिफ्ट का आदान-प्रदान लेना देना बंद करवाना चाहता हूं इसकी वजह से गरीब लोग किसी के घर जाते हुए 10 बार सोचते हैं की जाना है कि नहीं जाना। समान भाव से व्यक्ति व्यक्ति से मिल सके ना कि उच्च नीच या छोटे बड़े स्तर से उसकी गणना हो।

**सन्नी एम**
जातिवाद और दहेज।

**कविता करगेती**
नेताओं का कोई मंच या सोशल मीडिया पीआर रोना, गुमराह करना।

**एडवोकेट सौरव डागर**
हमारे समाज की सबसे बुरी प्रथम तो अब आने वाली है भविष्य में जैसे-जैसे हमारे देश पर वेस्टर्न कल्चर हावी होगा वैसे ही हमारा देश हमारा समाज नरक की तरफ होगा, अगर इसे अपने बच्चों को बचाना है तो अपने बच्चों को आज के समय में विशेष रूप से इस इंस्टाग्राम जैसी बीमारी से दूर रखो, मैं जिला एवं सत्र न्यायालय गाजियाबाद में विधि में अपनी सेवा प्रदान कर रहा हूं और यह मेरा बहुत बार आंखों देखी उदाहरण है मैं परिवार न्यायालय में इस बीमारी की वजह से बहुत घरों को उजड़ते हुए देखा है।

**प्रेमकांत चौधरी**
आरक्षण एससी-एसटी कानून।

**संजय त्यागी**
दहेज प्रथा एवं मरणोपरांत भोज प्रथा।

**जगमोहन सिंह**
दिखावा, दहेज प्रथा, ऊंच नीच।

**विनीत त्यागी**
सिंपल लिविंग, हायर थिंकिंग। यह सोच समाज को आगे ले जा सकती है।

**हरेन्द्र सिंह नागर**
दहेज प्रथा।

**मोहम्मद असलम कुरैशी**
भेदभाव

**नामित वार्ष्णेय**
राजनीति से जातिवाद, मुफ्त की सुविधाएं, और ....आरक्षण।

**चौधरी उदयवीर सिंह**
कुछ भी खत्म नहीं होगा।

**रमेश मंगल**
धर्मांतरण करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

**एमडी सुलेमान**
दहेज प्रथा समाप्त होनी चाहिए। सरकार को शादी-विवाह की व्यवस्था अपने हाथों में लेनी होगी।

**प्रतीक माथुर**
आरक्षण समाप्त होना चाहिए।

**चौधरी अंकुर तेवतिया**
कटारपंथी इस्लाम।

**परमजीत सिंह**
समाज में सबसे बड़ी कुप्रथा छोटे बड़े का भेदभाव एवं जाति वाद की बीमारी होती है। जैसे ये छोटी जाति का वो बड़ी जाति है। ये आपसी भेद भाव खत्म होना चाहिए और आपसी प्यार बढ़ना चाहिए जब ये कुप्रथा खत्म होगी तो आपसी प्यार भी बढ़ने लग जाएगा।

**साजिब एस सैफी**
मैं चाहता हूं कि इन्सानियत होनी चाहिए इसको सम्भाल कर रखना चाहिए इस से भाईचारा बना रहे।

**रिचा सिंह भदौरिया**
मैं समाज से उन कुप्रथाओं को समाप्त करना चाहूंगी जो इंसानियत, संस्कार और सामाजिक संतुलन को कमजोर कर रही हैं। आज के समय में विशेष रूप से बढते क्राइम को देखकर लगता है कि हमें इन बुराइयों के खिलाफ मिलकर खड़ा होना होगा — महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध। नशाखोरी और युवा पीढ़ी का भटकाव। सोशल मीडिया पर अश्लीलता और फूहड़ता। बुजुर्गों का अपमान और परिवारों का विघटन। जातिवाद और धार्मिक विद्वेष। दहेज प्रथा और कन्या भ्रूण हत्या। लिव-इन, धोखा और रिश्तों में बढ़ती संवेदनहीनता। कानून का भय समाप्त होना। समाज तभी सुरक्षित और मजबूत बनेगा, जब संस्कार, मयार्दा और जिम्मेदारी को फिर से जीवन का आधार बनाया जाएगा।

**योगेश त्यागी**
राजनीति में धर्म नहीं होना चाहिए।

**चौधरी अर्मिता सिंह**
मैं चाहती हूं कि शिक्षा सभी को मिले क्योंकि शिक्षित समाज होगा, हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचेगी तो बहुत सी बुराइयां समाज से स्वत: ही खत्म हो जाएंगी। एवं वृद्धाश्रम सिर्फ उनके लिए हों जिनका कोई न हो।

**राजेश शर्मा**
राजनीतिक लोगों का भ्रष्टाचार सबसे बड़ा श्राप है। इस देश में ये खत्म तो कुप्रथा का लोचा ही खत्म होना चाहिए।

**धीरज शर्मा**
समाज के हर बच्चे के कंधे पर स्कूल बैग होना चाहिए। और इस देश में वृद्धाश्रम बंद हो जाएं।

**संजीव वाल्मीकि**
जातिवाद जो एक दिन हमारे हिंदू समाज को खा जाएगा।

**रजनी ढौंढियाल जोशी**
कुप्रथा और पुरुषों का शोषण बंद होना चाहिए। पुरुष आयोग का गठन अनिवार्य है।

**रविंद्र चौधरी**
शादी को इवेंट बनाना, सादगी से शादी करना।

**पंकज गौड़**
कमीशन इस देश को प्रदेश को गांव गली शहर वार्ड मोहल्ला सबको दीमक की तरह खा रहा है। मजे की बात ये है ये प्रथा बन चुकी है और कोई इसपर बोलने को तैयार नहीं हैं।

**स्पर्श अग्रवाल**
मैं समाज से जातिवाद और दहेज जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना चाहूंगा। ये दोनों बुराइयाँ आज भी कई रिश्तों, सपनों और परिवारों को तोड़ रही हैं। जहाँ इंसान की पहचान उसकी जाति से नहीं, उसके संस्कारों से हो वही सच्चा समाज है। दहेज नहीं, बेटी का सम्मान दीजिए। जातिवाद नहीं, सनातन को अपनाइए।

**सुषमा नागर**
दिखावा और दहेज।

**जेपी कश्यप**
सरनेम खत्म होने चाहिए।

**रंजना अग्रवाल**
जातिवाद और जाति के आधार पर आरक्षण को जिस की वजह से समान्य वर्ग के बच्चे योग्यता होते हुए भी पीछे रह जा रहे हैं।

**भूषण शर्मा**
शिक्षा के नाम पर जो अभिभावकों को लूटा जा रहा है स्कूल प्रबंधन के द्वारा।

**कुलदीप कुमार**
जातिवाद खत्म होना चाहिए।

**प्रवीण बत्रा**
समाज की वो हर कुप्रथा खत्म होनी चाहिए जो इंसान को इंसान का दुश्मन बना देती है।

**भूमिपुत्र प्रियरंजन सिंह**
दिखावा, दहेज प्रथा और आरक्षण।

**विक्रम सिंह**
समाज को ही खत्म कर दो ना रहेगा समाज और ना रहेगी समाज की कुप्रथा।

**संजीव कौशिक**
दिखावा और दहेज प्रथा।

**अवतार भाटी**
दिखावा के साथ दहेज जो जुड़ा हुआ है वही है कुप्रथा जो वर्तमान ही नहीं सभी युग में जहर है।

**राजेश गर्ग**
दिखावा बंद होना चाहिए।

**मुकेश पांचाल**
कुप्रथा राजनीति पार्टी में कूट बाजी प्रथ खत्म होनी चाहिए एवं पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होना चाहिए। सांसद या विधायक को कार्यकर्ता बनाते हैं। सभी मिलकर जब हम इसका विरोध खुद करें समय पर कठिन कदम उठाने चाहिए आत्म सम्मान की लड़ाई हम स्वयं लड़नी चाहिए।

**शिवा शर्मा**
सबसे बड़ी कुप्रथा तो हम सभी के अंदर भरी बैठी है उसको जितना जल्दी हो सके निकाल बाहर फेंको क्योंकि आजकल हम इंसान अपने अहम में जी रहे हैं पता नहीं किस बहम में जी रहे है कि बस हम ही राजा हैं और कोई नहीं जबकि हमारी सबसे बड़ी कमी यही है क्योंकि जाना कुछ नहीं साथ जो साथ चार आदमी मोक्षधाम लेकर जाते है वह भी अपनी घड़ी देखते है कि जल्द से जल्द यह फुके और हम चले यही सच्चाई है।

**जगमोहन शर्मा**
दोहरी शिक्षा नीति। शिक्षा केवल सरकारी संस्थाओं में ही होनी चाहिए।

**प्रशांत ठाकुर**
मृत्युभोज इंसान के मरने के बाद भी खाना दावत की तरह।

**देवेन्द्र त्यागी**
राजनीति में सबसे पहले नेताओं को दल-बल के साथ अपने आप को पब्लिक के सामने दिखावा नहीं करना चाहिये, और पक्षपात नहीं करना चाहिये, सबको एक समान देखना चाहिये।

**फुरकान कुरैशी**
हिंदू मुस्लिम में जो नफरत घोली गई है वो खत्म हो।

**धवल गुप्ता**
आलोचना।

**अनुराग मिश्रा**
जातिवाद और छुआछूत समाज में भेदभाव और असमानता बढ़ती है।

**चंद्र प्रताप सिंह**
समाज की सबसे बड़ी कुप्रथा है चोरी? अधिकार की चोरी, समाज के आदर्श की चोरी, विश्वास की चोरी, आस्था की चोरी, सिद्धांत की चोरी, यह सभी समाज को बर्बाद कर रहे हैं।

**आदिल लाला**
बहन बेटियों पर अत्याचार बंद होना चाहिए समाज में इससे बड़ी कोई समस्या हो ही नहीं सकती। बहन बेटियों को शिक्षा से वंचित ना रखा जाए! हर बहन बेटी तक सस्ती शिक्षा पहुंचनी चाहिए। इससे बड़ी कोई कुप्रथा नहीं हो सकती है।

**तपिश गुप्ता**
होनी तो जातिवाद की चाहिए सामान्य जाति के जो सरकारी फॉर्म 1000-1200 का अन्य कुछ जातियों के लिए फ्री है। कुछ लिए 200 का है ऐसे क्यु सबके लिए एक जैसा कानून हो।

**दीपक हल्दुआ**
जाति प्रथा।

**सोनू भाटी राजपूत**
दीपक भाटी सारी कुप्रथा क्या हमारे समाज में ही है क्या ?? दूसरे समाज की भी बात कर लो। दूसरे वाले तो कोई बात ही नहीं कर रहा। ट्रिपल तलाक, हलाला लिस्ट लंबी है।

**सोनू जोशी**
जातिवाद व्यवस्था खत्म होनी चाहिए।

**आनंद वाजपेयी**
सबसे बड़ी कुप्रथा है 'शादियों और त्योहारों में हैसियत से ज्यादा दिखावा और फिजूलखर्ची करना'। इस चक्कर में कई परिवार कर्ज के जाल में डूब जाते हैं। हमें इस दिखावे की संस्कृति को छोड़कर सादगी को अपनाना चाहिए।

शेष, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# दहेज बना अभिशाप


किसी भी समाज के सभ्य होने की कसौटी यह है कि वह अपने बीच परंपरा से चली आ रही वैसी कुप्रथाओं से किस हद तक मुक्ति हासिल कर पाता है, जो अमानवीय होने के साथ कानूनन अपराध भी हैं। मगर ऐसा लगता है कि हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर समाज एक तरह की उदासीनता में रहता है। नतीजतन, जहां आधुनिक मूल्यों के साथ हो रहे सामाजिक विकास के बीच महिलाओं के प्रति दुराग्रह और कुंठा की हिंसा की जगह पूरी तरह खत्म होनी चाहिए थी, वहां आज भी कई ऐसी परंपराएं मुखर दिखती हैं, जिनकी वजह से महिलाओं का जीवन-संघर्ष कई गुना बढ़ जाता है। हालत यह है कि जिस दहेज जैसी समस्या के खिलाफ सबसे ज्यादा अभियान चले, बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए गए, उसकी वजह से आज भी अक्सर महिलाओं की जान जा रही है। अर्थव्यवस्था और विकास के चमकते आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं। किसी भी समाज के सभ्य होने की कसौटी यह है कि वह अपने बीच परंपरा से चली आ रही वैसी कुप्रथाओं से किस हद तक मुक्ति हासिल कर पाता है, जो अमानवीय होने के साथ कानूनन अपराध भी हैं। मगर ऐसा लगता है कि हमारे देश में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर समाज एक तरह की उदासीनता में रहता है। नतीजतन, जहां आधुनिक मूल्यों के साथ हो रहे सामाजिक विकास के बीच महिलाओं के प्रति दुराग्रह और कुंठा की हिंसा की जगह पूरी तरह खत्म होनी चाहिए थी, वहां आज भी कई ऐसी परंपराएं मुखर दिखती हैं, जिनकी वजह से महिलाओं का जीवन-संघर्ष कई गुना बढ़ जाता है। हालत यह है कि जिस दहेज जैसी समस्या के खिलाफ सबसे ज्यादा अभियान चले, बेहद सख्त कानूनी प्रावधान किए गए, उसकी वजह से आज भी अक्सर महिलाओं की जान जा रही है। अर्थव्यवस्था और विकास के चमकते आंकड़ों के बीच आखिर क्या ऐसा छूट रहा है कि न तो समाज अपनी ओर से इस विकृत परंपरा को छोड़ने के लिए संवेदनशील हो रहा है और न ही इस संबंध में बने सख्त कानूनों का खौफ दिखता है।

दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गिने जाने वाले नोएडा यानी गौतमबुद्ध नगर में दहेज उत्पीड़न के कारण एक महिला की मौत की खबर ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया है कि सामाजिक विकास की कसौटी पर हम कहां खड़े हैं और यह कितना अफसोसनाक है। कुछ ही दिन पहले भोपाल से भी दहेज की वजह से एक महिला की जान जाने की खबर आई थी। इन मामलों में महिला के परिवार वालों का स्पष्ट आरोप है कि शादी में भारी खर्च करने के बावजूद बाद के दिनों में भी दहेज की लगातार मांग पूरी न हो पाने की वजह से उनकी बेटी की हत्या कर दी गई और उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। आए दिन सामने आने वाली ऐसी घटनाएं बताती हैं कि आम भारतीय परिवारों में दहेज की वजह से उत्पीड़न और हत्या की घटनाएं आज भी एक भयावह वास्तविकता बनी हुई हैं।

## शुरूआती कमजोरी के बाद शेयर बाजार ने दिखाई मजबूती

# सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर बंद

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी घरेलू शेयर बाजार में हरे निशान पर कारोबार का अंत हुआ। सेंसेक्स-निफ्टी शुरूआती कमजोरी के बावजूद हरे निशान पर सत्र का समापन करने में सफल रहे। बुधवार को प्रमुख एशियाई बाजारों में छाई सुस्ती और कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजारों ने जबरदस्त लचीलापन दिखाया। तेल व गैस, ऑटो और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू सूचकांकों ने दिन के निचले स्तरों से शानदार रिकवरी की और बाजार हरे निशान में बंद होने में सफल रहा।



घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती कमजोरी के बावजूद हरे निशान पर कारोबार का समापन हुआ। सेंसेक्स 117.54 (0.16%) अंकों की बढ़त के साथ 75,318.39 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी 41 अंक (0.17%) की बढ़त के साथ 23,659 पर बंद हुआ। बुधवार के सत्र के बाद हिंडाल्को 4 प्रतिशत तो रिलायंस के शेयर 3% की बढ़त के साथ बंद हुए। लगातार नौवें सत्र में गिरावट दर्ज करते हुए, रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे गिरकर 96.83 (अस्थायी) के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.89 पर खुला, फिर और गिरकर 96.95 के रिकॉर्ड निचले स्तर और 96.65 के उच्च स्तर को छूते हुए अंत में 96.83 (अस्थायी) पर स्थिर हुआ।

### सूचकांकों का हाल और सेक्टोरल प्रदर्शन

सेक्टोरल इंडेक्स के मोर्चे पर निफ्टी ऑयल एंड गैस सबसे आगे रहा, जिसमें 1.67 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। इसके बाद निफ्टी ऑटो में 0.82 प्रतिशत और निफ्टी रियल्टी में 0.68 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। बैंकिंग शेयरों में भी सकारात्मक रुख रहा, जहां निफ्टी पीएसयू बैंक 0.50 प्रतिशत और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, निफ्टी मीडिया में 1.43 प्रतिशत की सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई, जबकि एफएमसीजी और आईटी सेक्टर भी नुकसान में रहे।

### बाजार में शानदार रिकवरी के मुख्य कारण

बाजार के इस रुझान पर जिओजित इन्वेस्टमेंट्स के हेड ऑफ रिसर्च, विनोद नायर ने बताया कि बड़े शेयरों (लार्ज कैप) में हुई चुनिंदा खरीदारी के कारण बाजार निचले स्तरों से उबरने में सफल रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑटो और वित्तीय कंपनियों के चौथी तिमाही (द4) के बेहतर नतीजों ने बाजार को मजबूत सहारा दिया है। इसके अलावा, हाल ही में ईंधन की कीमतों में हुई बढ़ोतरी से तेल विपणन कंपनियों (डटउ२) और रिफाइनरों के प्रति निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और हालिया करेक्शन के बाद रियल्टी शेयरों में निवेशकों ने 'वैल्यू बाइंग' की है।

### वैश्विक दबाव और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट

घरेलू बाजार में तेजी के बीच कुछ चिंताजनक वृहद-आर्थिक कारक भी हावी रहे। बुधवार को भारतीय रुपया अपने ऐतिहासिक निचले स्तर पर फिसल गया और डॉलर के मुकाबले 96.86 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। नायर के अनुसार, रुपये की लगातार कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था में महंगाई और मार्जिन के दबाव को बढ़ा रही हैं। मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें लगभग 110 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई की चिंताएं और अधिक गहरा गई हैं। फेडरल रिजर्व के मिनट्स पर नजर

## ईपीएफओ सदस्य अब यूपीआई से निकाल सकेंगे भविष्य निधि, मंत्री बोले- परीक्षण पूरा




**नई दिल्ली।** ईपीएफओ सदस्य अब यूपीआई के माध्यम से अपना भविष्य निधि पैसा सीधे बैंक खातों में निकाल सकेंगे। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि इस सुविधा का परीक्षण पूरा हो गया है। ईपीएफओ व्हाट्सएप सेवाओं और मुकदमेबाजी में कमी जैसी कई पहल कर रहा है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्य जल्द ही एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से अपना कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पैसा सीधे बैंक खातों में निकाल सकेंगे। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि इस सुविधा का परीक्षण पूरा हो गया है। ईपीएफओ सेवा गुणवत्ता सुधारने को कई पहल कर रहा है। मंत्री ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि यूपीआई भुगतान गेटवे का उपयोग करके ईपीएफ निकालने की सुविधा का परीक्षण सफलतापूर्वक

### संदेश सेवा के माध्यम से सेवाएं

ईपीएफओ सदस्यों तक पहुंच बढ़ाने और सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए संदेश सेवा व्हाट्सएप का उपयोग कर रहा है। सदस्य ईपीएफओ के पंजीकृत व्हाट्सएप नंबर पर 'नमस्ते' टाइप करके बातचीत शुरू कर सकते हैं। सभी संचार स्थानीय भाषा में होंगे, जिससे सदस्यों को अपनी भाषा में ईपीएफओ से जुड़ने में सुविधा मिलेगी। सदस्यों को 24 घंटे पहुंच मिलेगी और स्वचालित प्रणालियां बार-बार आने वाले प्रश्नों को संभाल सकेंगी। यह सेवा एक महीने में शुरू होने की उम्मीद है।

### मुकदमेबाजी में कमी

ईपीएफओ ने मुकदमेबाजी कम करने और लंबित मामलों को समय पर निपटाने के लिए केंद्रित मिशन-आधारित पहल की है। उपभोक्ता अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 1 अप्रैल 2024 को 4,936 से घटकर 31 मार्च 2026 को 2,646 हो गई है। कुल मुकदमेबाजी के मामले 1 अप्रैल 2025 को 31,036 से घटकर 1 अप्रैल 2026 को 27,639 हो गए हैं। 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों की संख्या 8,539 से घटकर 4,665 हो गई है।

## यूएन ने 2026 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाया

### फिर भी सबसे तेज अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी तनाव का सीधा असर अब दुनिया भर की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के आर्थिक अनुमानों पर स्पष्ट रूप से पड़ने लगा है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने हाल ही में वैश्विक आर्थिक झटकों का हवाला देते हुए वर्ष 2026 के लिए भारत की विकास दर (जीडीपी) के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) द्वारा मंगलवार को जारी की गई नवीनतम रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि विकास दर के इस अनुमानित संशोधन के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। वैश्विक झटके और महंगाई का दोहरा प्रहार रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम




एशिया का संकट वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक नया झटका साबित हो रहा है, जिसने विकास की रफ्तार को धीमा करने के साथ-साथ महंगाई के दबाव को फिर से बढ़ा दिया है। वर्ष 2025 में दर्ज 7.5 प्रतिशत की विकास दर से 2026 में 6.4 प्रतिशत तक की यह गिरावट मुख्य रूप से ऊर्जा आयात की बढ़ती लागत और सख्त होती वित्तीय स्थितियों के दबाव को दशार्ती है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था और मौद्रिक नीति की चुनौतियां

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत भी पूरी तरह सुरक्षित या इन झटकों से अछूता नहीं है। पीटरले के मुताबिक, भारत एक बड़ा ऊर्जा आयातक देश है, जिसके कारण यह विदेशी धन प्रेषण (रेमिटेंस) और अन्य वैश्विक झटकों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाता है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर लगातार बढ़ रही वित्तीय सख्ती भारत के लिए मौद्रिक नीति के संचालन को और अधिक जटिल बना सकती है। यूएन डीईएसए के निदेशक शांतनु मुखर्जी ने व्यापार के मोर्चे पर एक दीर्घकालिक संरचनात्मक मुद्दे की ओर इशारा करते हुए बताया कि जब आयात लागत बढ़ती है तो निर्यात पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। जब फ्रेट लागत, लॉजिस्टिक्स और डीजल जैसे पेट्रोकेमिकल्स के दाम बढ़ते हैं, तो व्यवसायों के लिए लागत में वृद्धि होना तय है।

## अमेरिका-ईरान तनाव घटने से सोने में 800 रुपये का उछाल, चांदी 5000 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव कम होने से दिल्ली में सोने के दाम 800 रुपये बढ़कर 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए, जबकि चांदी 5000 रुपये गिरकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। भू-राजनीतिक स्थिरता और मोलभाव करके खरीदारी ने सोने को सहारा दिया, लेकिन वैश्विक ब्याज दरों की अनिश्चितता बनी हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने के दाम 800 रुपये बढ़ गए। अमेरिका-ईरान तनाव कम होने से खरीदारी को बढ़ावा मिला। हालांकि, चांदी की कीमतों में 5000 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय बाजार के कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 1,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह सोमवार के बंद भाव 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये अधिक है। दूसरी ओर, चांदी की



कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। औद्योगिक मांग में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में सुस्त रुझान के कारण चांदी में यह गिरावट आई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता की उम्मीदों से सोने को समर्थन मिला। इससे ऊर्जा-आधारित महंगाई के दबाव को कम करने में मदद मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर सैन्य हमले को स्थगित करने की बात कही थी।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के यशवंत सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द किया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के द यशवंत सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं न होने के कारण यह फैसला लिया गया। जमाकर्ताओं को 5 लाख रुपये तक की बीमा राशि मिलेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने महाराष्ट्र के फलटन स्थित द यशवंत सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं होने के कारण यह बड़ा कदम उठाया गया है। यह निर्णय 19 मई 2026 को कारोबार बंद होने के बाद से प्रभावी हो गया है।


रिजर्व बैंक ने बताया कि बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम की कुछ आवश्यकताओं का पालन करने में विफल रहा है। बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ जमाकर्ताओं को पूरा




भुगतान करने में असमर्थ था। केंद्रीय बैंक ने कहा कि बैंक का संचालन जारी रखना जमाकर्ताओं के हितों के प्रतिकूल होगा।

महाराष्ट्र के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से बैंक को बंद करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। साथ ही, बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने की भी मांग की गई है। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता अपनी जमा राशि के 5 लाख रुपये तक की जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

## रोचक तथ्यों का करंट



- रुथ लॉरेंस, एक बाल विलक्षण गुण-संपन्न मनुष्य, ने 10 साल की उम्र में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी गणित की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, सभी 530 उम्मीदवारों में से प्रथम आने के बाद, उन्होंने 13 साल की उम्र में एक वर्ष की डिग्री पूरी की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय दुनिया का दूसरा सबसे पुराना क्रियाशील विश्वविद्यालय है। सबसे पुराना एक बोलोग्ना विश्वविद्यालय है।
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नेतृत्व में एक शोध अध्ययन में पाया गया कि नास्तिक और अत्यधिक धार्मिक लोग कम से कम मौत से डरते हैं।
- ऑक्सफोर्ड के सबसे पहले कॉलेजों ने 13 वीं शताब्दी के दौरान दरवाजे खोले, लेकिन साल 1878 तक कोई महिला छात्रों की अनुमति नहीं थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में 200 से अधिक वर्षों की शराब की 1000 बोतलें हैं।
- साल 1755 में, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक डोडो पक्षी जला दिया, यूनिवर्सिटी इस बात से अनजान थी कि यह दुनिया का आखिरी पूर्ण नमूना था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

सिक्योरिटी गार्ड से नौकरी के लिए इंटरव्यू में पूछा गया कि अंग्रेजी आती है?
गार्ड का शांतिपूर्ण जवाब - क्यों चोर इंग्लैंड से आएंगे क्या?

---

पत्नी - मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाये..
पति - एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले
फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या
तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे

---

टिल्लू - सर, मैं आपकी बेटी से 20 साल से प्यार करता हूं
रेनू के पिता - तो अब क्या चाहते हो?
टिल्लू - शादी
रेनू के पिता - थैंक गॉड, मैंने सोचा तुम शायद पेंशन चाहते हो...

## 21 05 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

### आज के जन्मदिन



शिवशक्ति सचदेव
अभिनेत्री



करव सिंह



ट्विंकल



वेदप्रकाश गर्ग
खादी वाले वरिष्ठ भाजपा नेता





अजहर अंसारी




गौरव लौहिया



मनोज कुमार सिंह




नवल भाटी



सचिन राय कुमार



अजय कुमार



विवेक पारासर



कृष्ण गोयल



कपिल कुमार



गौरव मोदी



विनय अग्रवाल




अभिषेक अंशु



अर्पित अनम



श्रीनारायण समीर



विजय पाल सिंह



पवन तोमर



अभिनव बंसल

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते है। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी हैं। एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम टूनार्मेंट की सबसे ज्यादा कीमती फ्रेंचाइजी है।

विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी हैं। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, कोहली 18 साल पुराने आईपीएल के इतिहास में सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी हैं।

उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ अपने जुड़ाव से 230 करोड़ रुपये कमाए हैं। फनेटिक स्पोर्ट्स और हुरुन की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजी का कुल मूल्यांकन 1.63 लाख करोड़ रुपये है।

### मुंबई-सीएसके दूसरी सबसे ज्यादा कीमती फ्रेंचाइजी

शाहरुख खान की मालिकाना हक वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) 19200 करोड़ के साथ सबसे ज्यादा कीमती फ्रेंचाइजी है। इसके बाद अंबानी के मालिकाना हक वाली मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) है जिसका मूल्यांकन 18400 करोड़ है। दिलचस्प बात यह है कि आईपीएल टीम का औसत मूल्यांकन वर्तमान 1.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2032 तक 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। यह रिपोर्ट फ्रेंचाइजी के बीच सौदेबाजी में बढ़ती रुचि के बीच आई है।

### हॉकी में हरमनप्रीत सबसे अधिक वेतन वाले खिलाड़ी



देश के राष्ट्रीय खेल हॉकी के मामले में यह अंतर और भी अधिक स्पष्ट है। रिपोर्ट के अनुसार हॉकी इंडिया लीग में डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह 78 लाख रुपये के वेतन के साथ सबसे अधिक वेतन पाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके बाद फारवर्ड अभिषेक नैन 72 लाख रुपये और मिडफील्डर हार्दिक सिंह 70 लाख रुपये की कमाई के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार हॉकी युवा प्रतिभाओं को सामने लाने के मामले में सबसे आगे है। इसमें 14 साल के केतन कुशवाहा और 15 साल के दो खिलाड़ी, पूर्ति आशीष तानी और राहुल यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

### डब्ल्यूपीएल में मंधाना ने की सबसे ज्यादा कमाई

रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल के इतिहास में सबसे अधिक कमाई करने वालों की सूची में कोहली के बाद रोहित शर्मा का नंबर आता है। रोहित 227.2 करोड़ रुपये की कमाई के साथ दूसरे और महेंद्र सिंह धोनी 200 करोड़ रुपये की कमाई के साथ तीसरे स्थान पर हैं। महिला क्रिकेटरों की बात करें तो स्मृति मंधाना महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अब तक कुल 13.7 करोड़ रुपये की कमाई के साथ सबसे आगे हैं। वहीं, शीर्ष 10 महिला खिलाड़ियों ने अब तक कुल मिलाकर सिर्फ 90 करोड़ रुपये ही कमाए हैं।



# फ्रेंच ओपन के बाद विंबलडन से भी कार्लोस अल्कारेज ने नाम वापस लिया

➩ कलाई की चोट के कारण वह अगले महीने होने वाले विंबलडन टूर्नामेंट से हट रहे हैं



**नई दिल्ली।** स्पेन के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन के बाद विंबलडन से भी नाम वापस लेने की घोषणा कर दी है। अल्कारेज ने बताया कि वह अभी चोट से उबर रहे हैं और खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं।

दो बार के विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने मंगलवार को घोषणा करते हुए बताया कि कलाई की चोट के कारण वह अगले महीने होने वाले विंबलडन टूनार्मेंट से हट रहे हैं। अल्कारेज पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के दौरान दाहिनी कलाई में चोटिल हो गए थे। वह इस सप्ताहांत से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से भी पहले ही नाम वापस ले चुके हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में यह क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था। स्पेन के इस खिलाड़ी ने विंबलडन और लंदन के क्वींस क्लब में होने वाले वार्मअप टूनामेंट में हिस्सा न ले पाने पर कहा, ये दोनों टूर्नामेंट मेरे लिए बेहद खास हैं और मुझे इनकी कमी बहुत खलेगी।

### दो बार जीता है खिताब

अल्कारेज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है और मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से मैं अभी भी खेलने के लिए तैयार नहीं हूं।' अल्कारेज ने साल की शुरूआत ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर की और टेनिस में चारों प्रमुख खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में लगातार दो बार ग्रास-कोर्ट ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। उन्होंने दोनों फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। पिछले साल फाइनल में उन्हें यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था।



# अर्धशतक के बाद वैभव सूर्यवंशी ने 'A' का साइन दिखाकर क्यों मनाया जश्न

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 38 गेंदों में 93 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को अहम जीत दिलाई। मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपने बारे में लिखी बातें नहीं पढ़ते और उनका पूरा ध्यान सिर्फ खेल पर रहता है। 15 साल के इस बल्लेबाज ने बड़ी परिपक्वता दिखाते हुए कहा कि यह उनके करियर की सिर्फ शुरूआत है। वहीं, कप्तान यशस्वी जायसवाल ने भी उनकी जमकर तारीफ की।

आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से कई ऐसी पारियां खेली हैं, जिसने बड़े-बड़े दिग्गजों को हैरान कर दिया है। वह भले ही 15 साल के हों, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में परिपक्वता किसी 30 साल के बल्लेबाज से कम की नहीं है। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के लिए करो या मरो मैच में उन्होंने 38 गेंद में 93 रन की तूफानी पारी खेली,



जिसमें सात चौके और 10 छक्के शामिल थे। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी मिला। मैच के दौरान वैभव के अर्धशतक से ज्यादा उनके सेलिब्रेशन की खूब चर्चा हुई। अब उस सेलिब्रेशन के वजह का वैभव ने खुलासा किया है। आप यह वजह जानकर और वैभव की मासूमियत पर हंस पड़ेंगे।

दरअसल, अर्धशतक लगाने के बाद वैभव ने 'अ' साइन बनाकर जश्न मनाया था। लोग हैरान रह गए कि वैभव ने ऐसा क्यों किया। सब कयास लगाने लगे कि क्या यह किसी का नाम है या फिर किसी खास की ओर इशारा कर रहे हैं? इस पर 15 साल के वैभव ने मुस्कुराते हुए और बड़ी ही मासूमियत से कहा- सर, पता नहीं बस, हर मैच में कुछ नया कर देता हूं मैं।

**'कुछ नया करने की कोशिश करता हूं'**

इसके बाद मुरली उन्हें बड़ी स्क्रीन पर उनके जश्न का अंदाज दिखाते हैं और पूछते हैं- क्या था ये? इस पर वैभव कहते हैं- ये सर ऐसे ही था बस। इस पर मुरली ने कहा- कुछ भी नहीं था ये? इसके पीछे कोई मीनिंग नहीं है? इस पर वैभव जवाब देते हैं- पिछले मैच में भी जो मैंने सेलिब्रेशन किया था, उसका भी कुछ भी मीनिंग नहीं था, बस मैं नया-नया कुछ ट्राय करता रहता हूं हर मैच में।

# हारा पाकिस्तान, पर नुकसान भारत को हुआ! टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश ने PAK का किया सूपड़ा साफ

**सिलहट।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराकर इतिहास रच दिया। सिलहट टेस्ट में 78 रन की जीत के साथ बांग्लादेश ने पाकिस्तान का सूपड़ा साफ किया। हालांकि इस नतीजे का असर भारत पर पड़ा, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अंक तालिका में छठे स्थान पर खिसक गया।

बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। सिलहट में खेले गए दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 78 रन से हराकर सीरीज अपने नाम की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद बांग्लादेश को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 अंक तालिका में बड़ा फायदा हुआ, जबकि भारत को नुकसान झेलना पड़ा।

### बांग्लादेश और पाकिस्तान की पहली पारी

बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए। लिटन दास ने 16 चौके और दो छक्के की मदद से 126 रन की पारी खेली। इसके अलावा तंजीद हसन तमीम ने 26, मोमिनुल हक ने 22 और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने 29 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से खुर्रम शहजाद ने चार और मोहम्मद अब्बास ने तीन विकेट लिए। जवाब में पाकिस्तान की पहली पारी 232 रन पर सिमट गई। बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 68 रन बनाए। साजिद खान ने 38 रन की पारी खेली।



### सिलहट टेस्ट में बांग्लादेश का दबदबा

दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पहली पारी में 278 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 232 रन पर सिमट गई। इसके बाद बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 390 रन बनाकर पाकिस्तान के सामने 437 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 358 रन ही बना सका और मैच 78 रन से हार गया। इस मुकाबले में लिटन दास को पहली पारी में 126 रन और दूसरी पारी में 69 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि सीरीज में सबसे ज्यादा 253 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। बांग्लादेश ने पहले टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से शिकस्त दी थी।

### बांग्लादेश और पाकिस्तान की दूसरी पारी

बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाए। महमुदुल हसन जॉय ने 52 रन और मोमिनुल हक ने 30 रन की पारी खेली। लिटन दास ने 69 रन बनाए। मुशफिकुर रहीम ने 12 चौके और एक छक्के की मदद से 137 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से खुर्रम शहजाद ने चार और साजिद खान ने तीन विकेट लिए। हसन अली को दो विकेट मिले, जबकि अब्बास ने एक विकेट लिया।

# मालविका बंसोड़-अश्मिता चालीहा दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 में भारत की ओर से केवल मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालीहा ने महिला एकल में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। वहीं लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय समेत कई भारतीय खिलाड़ी पहले दौर में ही बाहर हो गए।

मालविका बंसोड़ और अश्मिता चालीहा ने मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट में भारत के लिए उम्मीद जगाई। दोनों खिलाड़ियों ने महिला एकल के मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

**मालविका ने शानदार वापसी करते हुए जीता मुकाबला:** एसीएल इंजरी और सर्जरी के बाद वापसी कर रहीं मालविका बंसोड़ ने जर्मनी की विश्व नंबर-52 वोन ली को कड़े मुकाबले में 21-17, 16-21, 21-9 से हराया।

# खत्म हुआ 22 साल का इंतजार! आर्सेनल ने जीता प्रीमियर लीग का खिताब



**लंदन।** आर्सेनल ने 22 साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए प्रीमियर लीग 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम ने पूरे सीजन में शानदार प्रदर्शन किया और आखिरकार इंग्लिश फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर चैंपियन बनने का सपना पूरा किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद क्लब और फैंस के बीच जश्न का माहौल है।

आर्सेनल एफसी ने प्रीमियर लीग का खिताब जीत लिया है। टीम ने 22 साल बाद यह खिताब जीता है। इसलिए यह उपलब्धि बेहद खास है। आखिरी बार टीम ने 2004 में ट्रॉफी उठाई थी। मंगलवार रात को इंग्लैंड के बोर्नमाउथ के वाइटैलिटी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गत चैंपियन मैनचेस्टर सिटी एफसी को एएफसी बोर्नमाउथ ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। पेप गार्डियोला की टीम को टाइटल रेस में बने रहने के लिए हर हाल में जीत चाहिए थी, लेकिन बोर्नमाउथ के शानदार प्रदर्शन ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

मैच का सबसे अहम पल 39वें मिनट में आया, जब 19 वर्षीय फ्रेंच खिलाड़ी एली जूनियर क्रुपी ने शानदार गोल कर बोर्नमाउथ को बढ़त दिलाई। एड्रियन ट्रूफर्ट के पास पर क्रुपी ने बेहतरीन पहला टच लिया और फिर एक कर्विंग शॉट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा इस शॉट को रोक नहीं सके।

एर्लिंग हालैंड ने बराबरी का गोल कर सिटी की वापसी के साथ ही जीत की उम्मीदें जगाई थीं, लेकिन मैनचेस्टर की खुशी अधिक समय तक नहीं रह सकी। कुछ ही सेकंड बाद मैच समाप्त करने की घोषणा हुई और मैनचेस्टर सिटी का लगातार दूसरा खिताब जीतने का सपना टूट गया। इसके साथ ही आर्सेनल को विजेता घोषित किया गया।

मिकेल आर्टेटा की अगुवाई में आर्सेनल ने शानदार खेल दिखाया। टीम ने एक दिन पहले पहले से रेलीगेट हो चुकी बर्नले एफसी को 1-0 से हराकर खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। सीजन में आर्सेनल ने कॉर्नर से सबसे ज्यादा गोल करने का प्रीमियर लीग रिकॉर्ड भी बनाया।



मैनचेस्टर सिटी और बोर्नमाउथ के बीच हुए मैच के ड्रॉ होने की खबर आते हीं एमिरेट्स स्टेडियम के बाहर हजारों आर्सेनल समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। अब आर्टेटा की टीम के पास इतिहास रचने का एक और मौका है। आर्सेनल 30 मई को बुडापेस्ट में यूईएफए चैंपियंस लीग फाइनल 2025 में पेरिस सेंट-जर्मेन एफसी से भिड़ेगी।

# जीत के बावजूद रियान क्यों हुए गुस्सा: कमेंटेटर्स को दी नसीहत

**जयपुर।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स पर मिली रोमांचक जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कमेंटेटर्स और आलोचकों पर जमकर निशाना साधा। पराग ने कहा कि खिलाड़ियों की निजी जिंदगी पर टिप्पणी करना गलत है और क्रिकेट से जुड़ी बातों तक ही सीमित रहना चाहिए।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शानदार जीत के बावजूद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग काफी भावुक और आक्रामक अंदाज में नजर आए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने उन कमेंटेटर्स और आलोचकों को करारा जवाब दिया, जो पिछले कुछ समय से उनकी निजी जिंदगी को लेकर लगातार टिप्पणी कर रहे थे। राजस्थान ने इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और टीम अब प्लेऑफ में पहुंचने से सिर्फ एक कदम दूर है। हालांकि, रियान यह मैच नहीं खेल रहे थे। उनकी जगह यशस्वी जायसवाल टीम की कप्तानी कर रहे थे। लखनऊ के

### बोले- क्रिकेट पर बात करें, निजी जिंदगी पर नहीं



खिलाफ मैच में 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 38 गेंदों में 93 रन बनाकर सबका ध्यान खींचा और प्लेयर ऑफ द मैच बने। पराग ने युवा बल्लेबाज की जमकर तारीफ की, लेकिन बातचीत के दौरान उन्होंने अपने ऊपर हो रही निजी टिप्पणियों को लेकर भी खुलकर बात की।

**कमेंटेटर्स को दी सीधी सलाह**

राजस्थान कप्तान ने खास तौर पर कमेंट्री बॉक्स में बैठे विशेषज्ञों पर नाराजगी जताई। उनका मानना है कि खिलाड़ियों की निजी जिंदगी पर टिप्पणी करना गलत है। उन्होंने कहा, 'जब कोई टीम 75 या 80 रन पर ऑलआउट हो जाती है तो लोग कह देते हैं कि खिलाड़ियों को खेलना नहीं आता या वे खेलना ही नहीं चाहते। लेकिन उस मैच से पहले कई दिनों तक तैयारी होती है।

मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि कमेंटेटर्स क्रिकेट से प्यार करें और क्रिकेट पर ही बात करें। निजी जिंदगी या मैदान के बाहर की बातों को इसमें नहीं लाना चाहिए।'

**राजस्थान की नजर प्लेऑफ पर**

इस जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। अब टीम का अगला मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। अगर राजस्थान यह मैच जीत जाती है तो उसका प्लेऑफ में पहुंचना तय हो जाएगा। हालांकि हार की स्थिति में समीकरण थोड़ा जटिल हो सकते हैं। फिलहाल, टीम का आत्मविश्वास काफी ऊंचा नजर आ रहा है और कप्तान रियान पराग भी मैदान के अंदर और बाहर दोनों मोर्चों पर खुलकर अपनी बात रख रहे हैं।

### 'लोग कुछ न कुछ बोलेंगे'

हाल ही में वेपिंग विवाद में घिरे पराग से पूछा गया कि वे आलोचनाओं को कैसे संभालते हैं। इस पर उन्होंने साफ कहा कि अब उन्हें समझ आ चुका है कि लोग हर हाल में बातें करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैंने अब यह समझ लिया है कि मैं कुछ भी करूं, लोग बातें करेंगे। लेकिन मैंने यह भी सीखा है कि उन बातों का असर मेरे खेल, फॉर्म या मानसिकता पर नहीं पड़ना चाहिए।' पराग ने सोशल मीडिया ट्रोल्स पर भी निशाना साधते हुए कहा कि 'कीबोर्ड वॉरियर्स' का काम मैदान के बाहर तक ही सीमित होना चाहिए और खिलाड़ियों को अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए।

# बांग्लादेश ने किया क्लीन स्वीप: पाकिस्तानी कप्तान ने माना- टीम कमजोर है

**सिलहट।** पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज हारने के बाद टीम की गलतियों को हार का बड़ा कारण बताया। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में छोटी गलतियों की भी बड़ी सजा मिलती है और पाकिस्तान अहम मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहा।

बांग्लादेश दौरे पर गई पाकिस्तान टीम को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। ढाका टेस्ट 104 रन से गंवाने के बाद पाकिस्तान सिलहट टेस्ट भी 78 रन से हार गई। इस हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद काफी निराश नजर आए और उन्होंने टीम की गलतियों को हार की बड़ी वजह बताया।

**'हमसे बहुत सारी गलतियां हुईं'**

मैच खत्म होने के बाद शान मसूद ने कहा, टहमसे बहुत सारी गलतियां हुईं। जब आप चौथी पारी में लगभग 360 रन बनाते हैं, तो उम्मीद करते हैं कि मैच आपके पक्ष में जाएगा। लेकिन





पिछली तीन पारियों में हमने कई मौके गंवाए और हमें इस पर सोचने की जरूरत है।' उन्होंने माना कि बांग्लादेश द्वारा दिया गया लक्ष्य आसान नहीं था, लेकिन पाकिस्तान बेहतर प्रदर्शन कर सकता था।

### अहम मौकों पर चूकी पाकिस्तान टीम

मसूद ने कहा कि बांग्लादेश की पहली पारी में पाकिस्तान को मैच पर पकड़ बनाने का मौका मिला था। एक समय बांग्लादेश के छह विकेट सिर्फ 116 रन पर गिर चुके थे, लेकिन इसके बाद टीम ने वापसी कर ली। उन्होंने कहा, 'आखिरी चार विकेटों ने काफी रन जोड़ दिए। हमने मौके गंवाए। बल्लेबाजी में भी जब हम चार विकेट पर 142 रन पर थे और दो सेट बल्लेबाज क्रीज पर थे, तब हमें बड़ी साझेदारी करनी चाहिए थी, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके।'

शान मसूद ने टेस्ट क्रिकेट की कठिनाई पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपकी किसी भी गलती की सजा मिलती है।

# 12 साल में पहली बार हुआ ऐसा, राजस्थान क्रिकेट में दौड़ी खुशी की लहर



**सिलहट।** मानव सुथार को अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। इसके साथ ही वह 12 साल बाद राजस्थान से टेस्ट टीम में जगह पाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। उनके चयन से राजस्थान क्रिकेट में खुशी का माहौल है।

अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में मानव सुथार का चयन होने के बाद राजस्थान क्रिकेट में उत्साह का माहौल है। मानव पिछले 12 वर्षों में राजस्थान से भारतीय टेस्ट टीम में चुने जाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले राजस्थान के तेज गेंदबाज पंकज सिंह ने 2014-15 में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था।

**राजस्थान क्रिकेट में खुशी का माहौल**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सीनियर चयन समिति के फैसले का राजस्थान क्रिकेट से जुड़े लोगों ने स्वागत किया है। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एड-हॉक समिति के संयोजक मोहित जसवंत यादव ने मानव सुथार को बधाई देते हुए उनके सफल अंतरराष्ट्रीय करियर की कामना की। उन्होंने कहा कि मानव का चयन पूरे राजस्थान क्रिकेट जगत के लिए गर्व का पल है और इससे राज्य के युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

**राजस्थान से टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी**

राजस्थान ने भारतीय टेस्ट क्रिकेट को अब तक कुछ ही खिलाड़ी दिए हैं। इनमें सलीम दुर्रानी का नाम प्रमुख है, जिन्होंने 1959-60 से 1972-73 तक भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 29 टेस्ट मैचों में 1202 रन बनाए और 75 विकेट हासिल किए। इसके अलावा हनुमंत सिंह ने 14 टेस्ट मैच खेले, जबकि पार्थसारथी शर्मा ने पांच टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पंकज सिंह ने दो टेस्ट मुकाबले खेले थे। मानव सुथार का घरेलू क्रिकेट रिकॉर्ड काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 945 रन बनाने के साथ 129 विकेट भी लिए हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में उनके नाम 25 मैचों में 350 रन और 34 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने 29 टी20 मुकाबलों में 25 विकेट हासिल किए हैं। लगातार अच्छे प्रदर्शन का ही नतीजा है कि उन्हें अब भारतीय टेस्ट टीम में मौका मिला है।

### छह जून से शुरू होगी टेस्ट सीरीज

भारत और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला छह जून से मुल्लांपुर में खेला जाएगा। इस सीरीज के जरिए मानव सुथार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

# लखनऊ के खिलाफ करो या मरो मैच से पहले PBKS को पोंटिंग ने क्या मैसेज दिया

**नई दिल्ली।** लगातार छह मुकाबलों में हार के कारण पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के मुहाने पर खड़ी है। 23 मई को टीम का सामना लखनऊ से होगा। प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाओं को बरकरार रखने के लिए उन्हें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने टीम को खास संदेश दिया है।

आईपीएल के 19वें संस्करण की शुरूआत में लगातार छह मैच जीतने वाली पंजाब किंग्स लगातार छह मुकाबलों में हारकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है। 23 मई को टीम का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा, जो उनके लिए करो या मरो की स्थिति वाला मैच होगा। इस मुकाबले में पंजाब की हार उन्हें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर देगी। ऐसे में टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने खिलाड़ियों को खास सलाल दी है।


नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | गुरुवार • 21 मई -2026

# गाजियाबाद आसपास




## दहेज हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास, 21 हजार रुपये अर्थदंड


पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे. रविन्द्र गौड़


आदेश त्यागी – सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता | प्रवेशपाल – पैरोकार कन्विक्शन सेल | नेम सिंह – पैरोकार थाना भोजपुर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत प्रभावी पैरवी करते हुए दहेज हत्या के आरोपी को अदालत से आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई। पुलिस की मजबूत विवेचना और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए कठोर दंड सुनाया।

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गठित 'कन्विक्शन सेल' के प्रयासों, तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त मोदीनगर रितेश त्रिपाठी की विवेचना तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आदेश त्यागी की प्रभावी पैरवी के आधार पर थाना भोजपुर में दर्ज मुकदमे में यह सफलता मिली।

मामला थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव कलछीना निवासी बिलाल पुत्र हाजी अनूप से जुड़ा है। आरोपी के खिलाफ धारा 498ए, 304बी आईपीसी तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज था। आरोप था कि आरोपी ने दहेज की मांग को लेकर पत्नी को लगातार प्रताड़ित किया और उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में पीड़िता के भाई ने 4 मार्च 2023 को थाना भोजपुर में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-3 गाजियाबाद में हुई। न्यायालय ने आरोपी बिलाल को धारा 304बी के तहत आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 498ए में दो वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 में एक वर्ष का कठोर कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। कुल मिलाकर आरोपी पर 21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत गंभीर अपराधों में आरोपियों को सजा दिलाने के लिए लगातार मजबूत पैरवी की जा रही है, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

## सर्राफा व बुलियन व्यापारियों संग की बैठक

**नोएडा।** विकास भवन के सभागार में जनपद के सरार्फा व बुलियन व्यापारियों के साथ बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता अपर आयुक्त राज्य कर संदीप भागिया ने की। उन्होंने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, विदेशी मुद्रा भंडार पर अत्यधिक दबाव व स्वर्ण के आयात में समन्वय व संतुलन बनाए रखने जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा हुई। व्यापारियों ने कहा कि गौतमबुद्धनगर का सरार्फा व्यापार स्वर्ण व रजत आभूषणों की खरीद व बिक्री पर आधारित है।

निश्चित रूप से बुलियन की भी खरीद व बिक्री की जाती है। सरार्फा व्यापारियों ने आश्वासन दिया कि अधिकांश व्यापार पुराने आभूषणों के बदले में नए आभूषणों की बिक्री की जाएगी। बुलियन की खरीद व बिक्री नहीं की जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष योगेश वर्मा,दीपक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## चार पहिया और अंगूठियों की मांग ने बिगाड़ा रिश्ता, गर्भवती महिला पहुंची कोतवाली

- इकोटेक-3 कोतवाली में विवाहिता ने पति समेत 5 लोगों पर दर्ज कराई प्राथमिकी
- आरोप है कि दहेज में चार पहिया की गाड़ी और मौसी की दो अंगूठी मांगी



**ग्रेटर नोएडा।** इकोटेक-3 कोतवाली में गर्भवती विवाहिता ने पति समेत 5 लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि शादी के बाद से ही आरोपी दहेज की मांग कर रहे हैं। दहेज में चार पहिया की गाड़ी और मौसी के लिए दो अंगूठी की मांग की जाने लगी। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है

वेदपुरा गांव की रहने वाली चंचल ने केस दर्ज कराकर आरोप लगाया है कि 23 अप्रैल 2025 को उसकी शादी हापुड़ सिंभावली के बड्ढा गांव निवासी रितिक के साथ हुई थी। शादी पर 40 लाख रुपये खर्च हुआ था। घर का सामान, जेवरात समेत अन्य सामान दिया गया। आरोप है कि शादी के बाद से पति के अलावा सास सरोज, ननद मीनू व खुशी और मामा जयदीप हरदीप खुश नहीं थे। दहेज में 4 पहिया कार और मौसी के लिए सोने की दो अंगूठी की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया।

23 अक्तूबर को पति मायके छोड़ आया और मांग पूरी होने तक वहीं रहने की बात कहीं थी। बिचौलिया से भी संपर्क किया, लेकिन उसने भी मदद नहीं की। 8 मार्च, 2026 को मायके वाले लोग ससुराल में पंचायत करने पहुंचे, लेकिन सभी घर पर ताला लगाकर भाग गए। 3 अप्रैल फिर मायके वाले ससुराल पहुंचे तो पति व सास ने दरवाजा नहीं खोला। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि महिला गर्भवती है और पति उसकी सुध नहीं ले रहा है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। कुछ और रोचक हैडिंग बनाएं

## प्लाईवुड से लदे ट्रक में लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई जान, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू



**हापुड़।** यूपी के हापुड़ नगर कोतवाली के सामने मंगलवार की देर रात गुजरात के गांधीधाम से प्लाईवुड लादकर आ रहे ट्रक के केबिन में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक की आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि ट्रक में लदा प्लाईवुड आग लगने से पूरी तरह बच गया।

ट्रक चालक जावेद मंगलवार की देर रात करीब दो बजे गुजरात के गांधीधाम से अपने ट्रक में प्लाईवुड लादकर हापुड़ आ रहा था। कोतवाली के सामने पहुंचने पर ट्रक के केबिन में अचानक आग लग गई। केबिन में आग लगते देख जावेद ने आनन-फानन ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई।

ट्रक में आग लगने की सूचना पर कोतवाली से पुलिस कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने दमकल विभाग को ट्रक में आग लगने की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काफी देर में आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग से ट्रक में लदा प्लाईवुड नहीं जल सका।

ट्रक में लदा प्लाईवुड जलने से लाखों रुपये का नुकसान हो सकता था। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से ट्रक केबिन में आग लगना प्रतीत हो रहा था। दमकल कर्मियों ने रात में ही आग पर काबू पा लिया था। मामले की जांच कराई जा रही है।

## किसान-मजदूरों की समस्याओं पर तहसील में चार घंटे चली मैराथन बैठक



**नोएडा।** जेवर में किसान, मजदूर और गरीब वर्ग की बढ़ती समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच लंबी बैठक आयोजित की गई। बुधवार को राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता पवन खटाना, कोऑर्डिनेटर जिला अध्यक्ष राजीव मलिक और क्षेत्रीय जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर के नेतृत्व में बैठक हुई। दोपहर करीब 12 बजे से शाम 4 बजे तक चली, जिसमें किसानों और मजदूरों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह, तहसीलदार ओम प्रकाश पासवान, नायब तहसीलदार अजेंद्र कुमार सहित विद्युत विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। किसान नेताओं ने प्रशासन के सामने खतौनी की कीमत, दाखिल-खारिज, मूल निवास, जाति और आय प्रमाण पत्र बनाने में हो रही परेशानियों को रखा। साथ ही विस्थापन नीति, खाद वितरण, बिजली विभाग की विजिलेंस कार्रवाई और गलत रिपोर्ट लगाए जाने जैसी समस्याएं भी उठाईं। इसके अलावा खुर्जा रोड पर आम लोगों के उतरने-चढ़ने के लिए सीढ़ियां बनाने, जेवर टोल पर किसानों को राहत देने, टप्पल रोड की खराब स्थिति, घरौली क्षेत्र की समस्याएं, मंडियों में किसानों का अनाज न तौले जाने और आढ़तियों का अनाज पहले तौलने जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए।

**जलभराव से छात्र हो रहे चोटिल**

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को दाऊजी मंदिर से जैन अस्पताल तक जलभराव की समस्या से अवगत करावाया गया। उन्हें बताया कि इससे क्षेत्र के 5-6 स्कूलों के छात्र आए दिन पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बैठक में आरटीओ व्यवस्था को लेकर भी मांग रखी गई कि सप्ताह या महीने में एक दिन तहसील परिसर में अधिकारियों की बैठक हो, ताकि लोगों को दूर न जाना पड़े। किसानों ने क्षेत्र के गांवों की बदहाल स्थिति को लेकर भी नाराजगी जताई और कहा कि कई गांवों में लोगों का जीवन नारकीय बना हुआ है।

**उप जिलाधिकारी ने अनावश्यक परेशान न करने का दिया आश्वासान**

उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि तहसील में किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई कर्मचारी काम में लापरवाही करता है तो किसान सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। एसडीएम ने यह भी कहा कि फाइल आने के बाद तीन दिन से अधिक किसी का काम लंबित नहीं रखा जाएगा। खुर्जा रोड पर सीढ़ियां निर्माण कराने के मुद्दे पर भी जल्द निरीक्षण कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन खटाना ने प्रशासन को 30 मई तक समस्याओं के समाधान का समय दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 1 तारीख से संगठन बड़ा निर्णय लेगा और गौतमबुद्धनगर का किसान टोल टैक्स देकर नहीं निकलेगा।

## डिहाइड्रेशन और फूड प्वाइजनिंग के मरीजों की बढ़ी भीड़

**हापुड़।** भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन, डायरिया और फूड प्वाइजनिंग के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस वजह से सीएचसी और जिला अस्पताल की ओपीडी लगभग फुल हैं। ऐसे मरीजों की संख्या बढ़कर 200 के पार पहुंच गई है। मरीजों को तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान बढ़ रहा है। तेज धूप और गर्मी के कारण अधिक तला हुआ खाद्य पदार्थ भी नुकसान पहुंचा रहा है। इन दिनों डिहाइड्रेशन, डायरिया और फूड प्वाइजनिंग के मामले लगभग दोगुने हो चुके हैं। सीएचसी के फिजिशियन डॉ. अशरफ ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण अब लोग उल्टी-दस्त, पेट में दर्द, डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। प्रतिदिन भर्ती हो रहे मरीजों में से कुछ की खराब हालात अधिक होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। उल्टी, दस्त के मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है, इसमें धूप में काम करने वाले लोग अधिक हैं।

## गंदे पानी की समस्या से परेशान एटीएस एल्योर सोसाइटी निवासी



**नोएडा।** यमुना सिटी। सेक्टर-22डी स्थित एटीएस एल्योर सोसाइटी निवासी इन दिनों गंदे पानी का उपयोग करने को मजबूर हैं। निवासियों का आरोप है कि ओवरहेड टैंक की सफाई न होने के कारण उसमें गंदगी तैर रही है। इसका उपयोग करने से लोगों के बीमार पड़ने की संभावना है। इसके अलावा घरों के बाथरूम में फ्लश के लिए उपयोग होने वाला रिसाइकिल पानी भी मलयुक्त आ रहा है।

सोसाइटी में करीब 300 परिवार रहते हैं। निवासियों ने बताया कि काफी दिनों से वह मेंटेनेंस विभाग को ओवरहेड टैंकों की सफाई करने की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद लंबे समय से यह सफाई नहीं कराई गई है। ऐसे में ओवर हेड टैंक में ढक्कन की पपड़ियां छूट कर गिर रही हैं। साथ ही आस-पास की दीवार पर लगी टाइल्स भी सफाई न होने के कारण गंदी पड़ी हैं।

**बच्चों और बुजुर्गों को अधिक नुकसान**

ओवरहेड टैंक में गंदे पानी से सबसे अधिक खतरा कम इम्युनिटी वाले निवासियों को होगा। विशेषकर बच्चों और बुजुर्ग जल्द गंदे पानी पीने से बीमार हो सकते हैं। हालांकि, लोग घरों में आरओ वाटर का उपयोग कर रहे हैं लेकिन वह भी इतनी अशुद्धियां निकालने में कितना सक्षम होगा इसका आकलन नहीं है। ओमकार सिंह बघेल, कमलेश, सरोज सहित अन्य निवासियों ने बताया कि टैंक को साफ करने के लिए कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं है।

## पुनाती नोफा अध्यक्ष, सुरोजीत महासचिव बने

**नोएडा।** नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (नोफा) को नया अध्यक्ष मिल चुका है। वहीं, सुरोजित दासगुप्ता को महासचिव और राजीव कुमार सक्सेना को कोषाध्यक्ष चुना गया है। बुधवार को साल 2026-28 के लिए चुनाव संपन्न हुए थे। घोषित परिणामों के बाद नई टीम के गठन पर विभिन्न सोसाइटी निवासियों ने खुशी जताई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि नई टीम नोएडा की हाईराइज सोसाइटियों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं, सुरक्षा और निवासियों के अधिकारों के लिए काम करेगी। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में चुनाव अधिकारी एके. नौरियाल, गुलशन धमीजा और मुख्य चुनाव अधिकारी पुष्कर चित्रवंशी की अहम भूमिका रही।

## आईजीसीएसई ग्रेड 10 में नेहरू वर्ल्ड स्कूल का दबदबा, रहा 100% रिजल्ट



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने कैम्ब्रिज आईजीसीएसई ग्रेड 10 परीक्षा 2026 में 100% परिणाम के साथ शानदार सफलता हासिल की है। स्कूल के 86% विद्यार्थियों ने अ* और अ ग्रेड, जबकि 99% विद्यार्थियों ने अ* से उ ग्रेड प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परीक्षा में भार्गवी सिन्हा और ध्रुव गर्ग ने सभी 7 विषयों में अ* ग्रेड पाकर स्कूल टॉप किया। वहीं, अद्रिका सिंघल ने 6 अ* के साथ दूसरा और आशिता त्यागी व त्रिशा भाटिया ने 5 अ* अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हेड ने इस ऐतिहासिक सफलता को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताते हुए सभी को बधाई दी।




## कमिश्नरेट की दर्जनभर चौकियां खाली

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों एक बात कई अधिकारियों और थ्री और टू-स्टारों के जुबान पर सुनाई दे रही है कि किसी भी चीज की अधिकता नुकसानदायक होती है। इसका जीता जागता उदाहरण पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा कहा जा रहा है कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां थ्री- स्टार लगभग 90 के आसपास हैं। तो वहीं टू-स्टार की संख्या लगभग 1400 के पार बताई जा रही है। इसका खामियाजा यह है कि अब एक के बाद एक चौकी प्रभारी सस्पेंड हो रहे हैं। लूट की एक वारदात चौकी प्रभारी का स्थान बदल दे रही है। कोई लाइन पहुंच रहा है, तो कोई सीधे निलंबित हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते लगभग दो महीने में 20 विकेट गिर चुके हैं। इसमें कई चौकी प्रभारी हैं, कई टू-स्टार ऐसे हैं ,जो सीधे लाइन में बैठे हुए हैं।




बताया जा रहा है कि अप्रैल और मई में कई चौकी प्रभारी निलंबित हुए हैं। तो कई अन्य पुलिस कर्मियों पर भी एक्शन लिया गया है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि कई चौकी प्रभारी अब मन बना रहे हैं कि वह खुद से चौकी छोड़ दे वरना लूट की वारदात उनका गणित बिगाड़ सकती है। वैसे भी इन दिनों चर्चा है कि अब विधानसभा वाले चुनाव में कुछ समय बचा है और उससे पहले अगर पंचायत वाला चुनाव हुआ तो कई थ्री और टू-स्टार को जोन के साथ पुलिस कमिश्नरेट भी छोड़ना पड़ सकता है। इन सबके बीच जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक वालों के अभियान चल रहे हैं। उसकी भी जमकर चर्चा हो रही है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि 1400 से अधिक टू-स्टार की अदला बदली वाली लिस्ट पर काम शुरू हो गया है। जोन के साथ ही जान पहचान का मामला बताया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ वाली लिस्ट में अभी बकरीद वाला वेट आ गया है। तो बताया यह भी जा रहा है कि आईपीएस वाली लिस्ट भी लेट ही आएगी। कुल मिलाकर देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले दिनों में क्या बदलाव होते हैं। कौन किस जोन में भेजा जाता है और लिस्ट कितनी दफा में आती है। क्या लिस्ट में 23 वालों का नाम अलग और पुराने वालों का नाम अलग आता है या एक साथ आएगा। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि 28 के बाद कभी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर लोकल वाले तबादले जमकर किए जाएंगे।

## आई.टी.एस मोहन नगर में जिला योगासन चैंपियनशिप संपन्न




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिला योगासन खेल संघ और आई.टी.एस मोहन नगर के संयुक्त तत्वावधान में '5वीं जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 2026' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने जूनियर, सीनियर और मास्टर श्रेणियों में अपने लचीलेपन व बेहतरीन संतुलन का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई.टी.एस झ्र द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा ने स्वस्थ भारत के निर्माण में ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। इस मौके पर डॉ. अजय कुमार, डॉ. डी.के. पाण्डेय, डी.वाई.एस.ए. की अध्यक्ष कमल सिंह और सचिव सर्वेश उपाध्याय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रतियोगिता का समापन विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ।

## उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स ने मनाया 32वां स्थापना दिवस, मेधावी छात्राएं सम्मानित




**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में विद्यालय का 32वाँ स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मिला रहेजा एवं हेडमिस्ट्रेस श्रीमती आरती खन्ना द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और 'श्री राम भुजंग स्तोत्रम' की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए।

स्थापना दिवस के मुख्य आकर्षण के रूप में आयोजित सम्मान समारोह में छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसमें कियारा (कक्षा 4), स्वरा (कक्षा 5), इप्सिता (कक्षा 6) और समायरा (कक्षा 7) को प्रतिष्ठित 'सुपर स्कॉलर अवॉर्ड' से नवाजा गया।

इसके साथ ही राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इनमें गीता चैंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली काव्या व मायरा, सीबीएसई टेनिस चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता आहाना शर्मा और 'क्वीन्स कॉमनवेल्थ एसे प्रतियोगिता' के पदक विजेता शामिल रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती शर्मिला रहेजा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक सुरेश कश्यप की राजनीति का ये अंदाज है कि वो हमेशा ब्रादरी के ब्रदर्स से कनैक्ट होकर चलते हैं। खुशी हो या गम वो हमेशा साथ खड़े मिलते हैं। पूर्व विधायक और पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय विजय कश्यप की पांचवी पुण्यतिथि पर अयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय विजय कश्यप को श्रद्धासुमन अर्पित किये। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने श्रद्धांजलि के इन पलों को फेसबुक पर भी साझा किया। एक संदेश दिया कि हमें हमेशा अपनों के सुख और दुख में उनके साथ खड़े रहना है। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




# 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी'

## मेलोनी ने किया हिंदी कहावत का इस्तेमाल

### कहा- मजबूत हो रहे भारत-इटली संबंध



**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा और भारत-इटली संबंधों की सराहना करते हुए हिंदी कहावत 'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के संबंधों में नया अध्याय जोड़ता है और साझेदारी को मजबूत करता है।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हिंदी की कहावत का इस्तेमाल किया। मेलोनी ने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी की यात्रा और भारत-इटली संबंधों का जिक्र करते हुए कहा-'परिश्रम ही सफलता की कुंजी है'।

इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा, आपकी यह यात्रा हमारे लिए सम्मान की बात है। यह हमारे देश के साथ संबंधों में एक नया अध्याय खोलती है। आप लंबी साझेदारी की जिस किताब को मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ा रहे हैं, यह उसका आखिरी पन्ना नहीं होगा। हम अपने काम को सबसे बेहतर तरीके से करने की कोशिश कर रहे हैं।

**हिंदी कहावत का इस्तेमाल किया**

उन्होंने कहा, 'परिश्रम' एक भारतीय शब्द है, जो इस भावना को बहुत अच्छे तरीके से दर्शाता है। इसका मतलब कड़ी मेहनत है। मैं जानती हूं कि भारत में इस शब्द का बहुत इस्तेमाल होता है। एक लोकप्रिय कहावत भी है- परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। इसका मतलब है कि कठिन मेहनत ही सफलता का रास्ता है और हम भी अपने संबंधों को इसी सोच के साथ मजबूत कर रहे हैं, जहां मेहनत सबसे अहम बन जाती है।

# मेलोनी-मोदी की डील: दोनों देशों के बीच मजबूत हुई रणनीतिक साझेदारी

## इटली के डिजाइन को दुनिया में दिलाएंगे पहचान

**रोम।** पीएम मोदी का इटली दौरा दोनों देशों के संबंधों को अब तक के सबसे ऊंचे शिखर पर ले गई है। 2029 तक 20 बिलियन यूरो व्यापार के लक्ष्य और सुरक्षा से लेकर नवाचार के साझा रोडमैप के साथ, यह विशेष रणनीतिक साझेदारी आने वाले समय में वैश्विक राजनीति और व्यापार की नई दिशा तय करेगी। पीएम मोदी और मेलोनी ने क्या-क्या कहा

भारत और इटली ने अपने द्विपक्षीय संबंधों में एक नए स्वर्णिम अध्याय की शुरूआत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इटली की पहली द्विपक्षीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने रिश्तों को सर्वोच्च स्तर पर ले जाते हुए 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में अपग्रेड कर दिया है। रोम में आयोजित इस ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मेलोनी ने कहा कि वर्ष 2000 के बाद, यानी पूरे 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है, जो दोनों देशों के बीच की दूरी को मिटाकर रिश्तों को एक नई ऊर्जा देगी।

**20 बिलियन यूरो व्यापार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य**

द्विपक्षीय वार्ता के बाद साझा प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मेलोनी ने आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्तमान 14 बिलियन यूरो (करीब 1,569.3 अरब रुपये) के द्विपक्षीय व्यापार को साल 2029 तक बढ़ाकर 20 बिलियन यूरो यानी करीब 2,241.85 अरब रुपये तक पहुंचाना है। यह एक बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, जिसे भारत और यूरोपीय संघ के बीच हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते की मदद से हासिल किया जाएगा। मेलोनी ने आगे कहा कि दोनों देशों के आर्थिक और उत्पादक तंत्र एक-दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान में भारत के विकास में 400 से अधिक इतालवी कंपनियां सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। इसके साथ ही, नई दिल्ली में



'इनोवेट इंडिया इनिशिएटिव' के तहत एक विशेष केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो दोनों देशों के स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालयों, उद्यमों और अनुसंधान संस्थानों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिभाओं को बढ़ावा देगा।

**डिजाइन, डेवलप और वैश्विक डिलीवरी का नया मंत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साझेदारी को वैश्विक कल्याण से जोड़ते हुए एक नया और प्रभावशाली विजन पेश किया। पीएम मोदी ने कहा, 'इटली दुनिया भर में अपने बेजोड़ डिजाइन और सटीकता के लिए प्रसिद्ध है। दूसरी तरफ, भारत की पहचान बड़े पैमाने, असीमित प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस के रूप में है। इसलिए, अब हम डिजाइन एंड डेवलप इन इंडिया एंड इटली, एंड डिलीवर फॉर द वर्ल्ड' के साझा सिद्धांत पर आगे बढ़ेंगे।' पीएम मोदी ने घोषणा की कि 'भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्ययोजना 2025-2029' इस साझेदारी को एक व्यावहारिक, समयबद्ध और भविष्योन्मुखी ढांचा प्रदान करेगी।

### आपसी विश्वास और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा

दोनों वैश्विक नेताओं ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में हुई अपनी सात मुलाकातों के बारे में भी बताया है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने पीएम मोदी के विजन, व्यावहारिक दृष्टिकोण और उनके नागरिकों के बीच उनकी मजबूत लोकप्रियता की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी यह ईमानदारी भरी दोस्ती आपसी सम्मान और भरोसे पर टिकी है। इसके अतिरिक्त, वैश्विक सुरक्षा के मोर्चे पर इतालवी प्रधानमंत्री ने रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जहाजों की मुक्त आवाजाही की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया।

### पीएम मोदी ने और क्या-क्या कहा?

पीएम ने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्रों में भी साझेदारी का कारण आपसी विश्वास को बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में करीबी सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हमारी सेनाओं के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच भी सहयोग बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप से को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मैरीटाइम पावर्स के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में करीबी सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, लॉजिस्टिक्स और अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। टेरर फाइनेंसिग के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# राजनाथ का दावा: साबित नहीं हुआ सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप, 25 करोड़ से लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया



**सिओल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लगातार चुनावी जीत जनता के भरोसे का प्रतीक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से बदलाव की ओर बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि बीते वर्षों में करोड़ों लोग गरीबी से बाहर आए हैं, जबकि भारत अब हजारों करोड़ रुपये के रक्षा उपकरण का निर्यात कर रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि किसी भी नेता या राजनीतिक दल का बार-बार चुनाव जीतना महज राजनीतिक जीत नहीं है। यह इस बात का स्पष्ट संदेश है कि जनता को उस नेता पर कितना भरोसा है। इसी नजरिये से देखें तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे नेता बन गए हैं, जो लंबे समय से देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने आगे दावा करते हुए कहा, अर्थशास्त्री हमारे विकास मॉडल को कल्याणकारी राजनीति का एक नया मॉडल बता रहे हैं, जिसके जरिये लोगों का जीवन बेहतर हो रहा है। 12 साल पहले शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि आने वाला दशक भारत के लिए एक बदलावकारी दशक साबित होगा। लेकिन इन 12 वर्षों में हुए बदलावों ने देश के लोगों को भरोसा दिलाया है कि भारत एक दिन विकसित भारत बनेगा और दुनिया की कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती।

**'गरीबी रेखा से ऊपर आए 25 करोड़ भारतीय'**

रक्षा मंत्री ने कहा, काफी समय बीत चुका है। विपक्ष लगातार आक्रामक बना हुआ है। हमें इससे कोई आपत्ति या शिकायत नहीं है, ऐसा रहना ही चाहिए। लेकिन आज तक कोई भी सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप साबित नहीं कर पाया है। 25 करोड़ से ज्यादा भारतीयों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है।

**40 हजार करोड़ का रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा भारत**

उन्होंने आगे कहा, पहले हमे किसी भी चीज की जरूरत होती थी, तो हम उसे दूसरे देशों से आयात करते थे। हालात बदल गए हैं।

पहले 2014 से पहले भारत में इतना रक्षा उत्पादन होता था कि करीब 1000 करोड़ रुपये का रक्षा उत्पाद किसी तरह निर्यात हो जाता था और आज हम 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहे हैं, जिसमें हथियार प्रणालियां और अन्य सभी चीजें शामिल हैं। आज भारत की नीति प्रतिक्रियात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय है।

# सूडान के पश्चिमी कोरडोफान में ड्रोन हमला, 28 लोगों की मौत

**सूडान।** एक स्थानीय मानवाधिकार समूह ने बताया कि मंगलवार को मध्य सूडान के एक व्यस्त बाजार पर ड्रोन हमले में 28 लोग मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। यह हमला उस युद्ध का हिस्सा है जिसने 2023 से देश को तबाह कर दिया है। संघर्ष के दौरान हुए उल्लंघनों पर नजर रखने वाले स्थानीय मानवाधिकार समूह 'इमरजेंसी लॉयर्स' ने पर बताया कि पश्चिमी कोरडोफान प्रांत के घुबायश कस्बे में स्थित बाजार को मंगलवार सुबह उस समय निशाना बनाया गया जब वह नागरिकों से खचाखच भरा हुआ था। समूह ने इस हमले के लिए सेना को जिम्मेदार ठहराया।

सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बढ़ने के बाद अप्रैल 2023 में एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध छिड़ गया। आरएसएफ पश्चिमी



कोडोर्फान पर नियंत्रण रखता है। सूडान की सेना के एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि सेना नागरिकों या नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाती है। एक अन्य सैन्य सूत्र ने भी समूह के दावों का खंडन करते हुए कहा कि सेना के एक ड्रोन ने बाजार के पास ईंधन भरते समय आरएसएफ के दो लड़ाकू वाहनों पर हमला किया, जिससे वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गए और उनमें सवार लोग मारे गए, लेकिन किसी भी नागरिक को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# कैलिफोर्निया मस्जिद हमले में तीन की मौत हमलावरों ने ऑनलाइन दिए कट्टरपंथी बयान

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया की एक मस्जिद पर दो युवकों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन लोगों के मौत की खबर है। सुरक्षा गार्ड अमीन अब्दुल्ला समेत पीड़ितों ने हमलावरों को रोककर 140 बच्चों की जान बचाई। जांच में कट्टरपंथ, घृणित विचारधारा और भारी हथियारों का खुलासा हुआ।

कैलिफोर्निया की एक मस्जिद पर हुए हमले में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों और हमलावरों के लेखों के अनुसार, दो किशोर हमलावर ऑनलाइन कट्टरपंथी बन गए थे, जहां वे पहली बार मिले और श्वेत वर्चस्ववादी विचारों को साझा किया। हमलावरों ने खुद को गोली मार ली।

जांचकताओं ने बताया कि हमलावरों ने किसी के लिए घृणा में भेदभाव नहीं किया। उनके लेखों में यहूदी लोगों, मुसलमानों और इस्लाम






के साथ-साथ एलजीबीटीक्यू+ समुदाय, अश्वेत लोगों, महिलाओं और राजनीतिक वाम व दक्षिणपंथ के प्रति घृणित बयानबाजी शामिल थी। दोनों ने यह विश्वास व्यक्त किया कि श्वेत लोगों को खत्म किया जा रहा है। एक हमलावर ने मानसिक स्वास्थ्य संघर्षों और महिलाओं द्वारा अस्वीकृत किए जाने के बारे में भी लिखा था।

### हमलावरों की पहचान और कट्टरपंथ

हमलावरों की पहचान 17 वर्षीय केन क्लार्क और 18 वर्षीय कैलेब वाजक्वेज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने हमले के बाद खुद को गोली मार ली। एफबीआई के सैन डिएगो में प्रमुख एजेंट मार्क रेमिली ने बताया कि दोनों संदिग्ध ऑनलाइन मिले थे, जिसके बाद उन्हें पता चला कि वे दोनों सैन डिएगो क्षेत्र में रहते हैं। रेमिली ने कहा, कट्टरपंथ कैसे हुआ, हम अभी भी इसकी जांच कर रहे हैं। केन के लेखों में मुसलमानों को खत्म करने का आह्वान किया गया था। दोनों ने खुद को टैरेंट के बेटे कहा, जो 2019 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में मस्जिदों पर हमला करने वाले श्वेत वर्चस्ववादी का स्पष्ट संदर्भ है, जिसमें 51 लोग मारे गए थे।

# ट्रंप के दौरे के बाद बीजिंग में शी-पुतिन की अहम बैठक

### ईरान से लेकर यूक्रेन युद्ध तक कई मुद्दों पर चर्चा

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बीजिंग में अहम बैठक कर ईरान, यूक्रेन युद्ध, व्यापार और वैश्विक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया चीन दौरे के बाद हुई, जिससे इसकी अहमियत और बढ़ गई।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को बीजिंग में व्यापक वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ ईरान, यूक्रेन युद्ध, वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब कुछ ही दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 14-15 मई को बीजिंग का दौरा किया था। ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच भी ईरान, यूक्रेन युद्ध, व्यापारिक तनाव और क्षेत्रीय हालात को लेकर लंबी बातचीत हुई थी। ऐसे में शी और पुतिन की यह मुलाकात वैश्विक राजनीति के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। पुतिन मंगलवार रात चीन पहुंचे थे, जहां उनका स्वागत चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने किया।

**पुतिन ने जारी किया वीडियो संदेश:** चीन रवाना होने से पहले जारी वीडियो संदेश में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन के संबंध वास्तव में अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच लगातार संपर्क द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने व असीम संभावनाओं को खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# खैबर पख्तूनख्वा में दो गुटों में हुई हिंसक झड़प में 14 की मौत

## इलाके में सक्रिय हैं कई सशस्त्र समूह

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो गुटों में हिंसक झड़प हुई। इसमें 14 आतंकवादी मारे गए है। वहीं, इलाके में कई सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच झड़प हुई। इसमें कम से कम 14 आतंकवादी मारे गए। वहीं, कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। कई अभियान चलाए गए हैं

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, अफगानिस्तान की सीमा से लगे मध्य कुर्रम जिले के मनातो कामरान किले इलाके में आतंकवादी कमांडरों काजिम और मुमताज इम्ती के नेतृत्व वाले समूहों के बीच झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी के दौरान कमांडर मुमताज इम्ती शहीद हो गए। झड़प के बाद, स्थानीय लोगों ने शवों को उसी इलाके में दफना दिया। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में कई



आतंकवादी गुटों की मौजूदगी की खबरों के बीच मध्य कुर्रम में कई अभियान चलाए गए हैं। आतंकवादी प्रशिक्षण ठिकानों को किया नष्ट

उन्होंने आगे बताया कि इन अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्रों और ठिकानों को नष्ट कर दिया और सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि मध्य कुर्रम के मनातो कामरान किले इलाके में कई सशस्त्र समूह सक्रिय होने की आशंका है।

# न्यूयॉर्क: खुले गड्ढे में गिरने से एक महिला की मौत

**न्यूयार्क।** पुलिस और बिजली अधिकारियों ने बताया कि न्यूयॉर्क शहर की एक व्यस्त सड़क पर एक खुले गड्ढे में 56 वर्षीय महिला गिर गई और उसकी मौत हो गई। वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह घटना कैसे हुई होगी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात को मिडटाउन मैनहट्टन में फिफ्थ एवेन्यू और ईस्ट 52वीं स्ट्रीट के कोने के पास मरम्मत के लिए बने गड्ढे के ठीक बगल में डोनिके गोकाज ने अपनी कार खड़ी की। रात 11:30 बजे से कुछ देर पहले गाड़ी से बाहर निकलते समय उसमें गिर गई। दमकलकर्मियों द्वारा उसे बाहर निकालने के बाद स्थानीय अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। यूटिलिटी कंपनी कॉन एडिसन ने कहा कि निगरानी कैमरे की फुटेज से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला के गिरने से लगभग 12 मिनट पहले एक मल्टी-एक्सल ट्रक के ऊपर से गुजरने के कारण गड्ढे का ढक्कन हट गया था।

पेरू के दक्षिणी प्रशांत क्षेत्र में मंगलवार देर रात 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। इस प्राकृतिक आपदा में 27 लोग घायल हुए हैं। भूकंप की वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह है कि अब तक किसी की मौत की खबर नहीं मिली है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र इका क्षेत्र के पाम्पा डी टेट शहर से 20 किलोमीटर दूर था। यह जमीन से 56.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। भूकंप के बाद रक्षा मंत्री अमादेव फ्लोर्स ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने सैन लुइस गोंजागा यूनिवर्सिटी सहित क्षतिग्रस्त इमारतों का जायजा लिया। पेरू प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में स्थित है। इस वजह से यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। यह क्षेत्र ज्वालामुखियों और फॉल्ट लाइनों से घिरा हुआ है।

### अमेरिका-इस्राइल ने अहमदीनेजाद को ईरान की सत्ता सौंपने पर किया था विचार

**न्यूयार्क।** द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार ईरान युद्ध के दौरान अमेरिका और इस्राइल ने कथित तौर पर महमूद अहमदीनेजाद को ईरान की नई सत्ता का चेहरा बनाने की योजना बनाई थी।

उन्हें नजरबंदी से बाहर निकालने के लिए उनके घर पर हमला भी किया गया, जिसमें वह घायल हो गए। हालांकि बाद में उन्होंने इस कथित रेजीम चेंज प्लान से दूरी बना ली। आइए विस्तार से जानते हैं।

अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान में सत्ता परिवर्तन की कथित योजना को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को युद्ध के बाद नई सरकार का चेहरा बनाने पर विचार किया गया था। यह दावा ऐसे समय में सामने आया है जब फरवरी में ईरान और इस्राइल के बीच हुए संघर्ष को लेकर कई नई जानकारियां सामने आ रही हैं।

# अफगानिस्तान में बदहाली चरम पर, लोग जीवित रहने के लिए बेच रहे अपने बच्चें

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में बदहाली चरम पर हैं। यहां पर लोग जिंदा रहने के लिए अपने बच्चों को बेच रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार तीन-चौथाई अफगानी अब बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में नाकाम हैं।

भूख, गरीबी और बदहाल हालातों से जूझ रहे अफगानिस्तान में मानवीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। इसके बारे में बीबीसी सहित कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में अफगानिस्तान में गहराते मानवीय संकट का जिक्र किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान में कथित तौर पर गरीब परिवार अपने भोजन, चिकित्सा उपचार या कर्ज से राहत पाने के लिए अपने बच्चों को बेचने के लिए मजबूर है।

### बुनियादी जरूरतों पूरा करने में संघर्ष

रिपोर्टों से पता चलता है कि इस तरह की घटनाएं अब अलग-थलग मामले नहीं हैं, बल्कि एक व्यापक संकट का हिस्सा हैं, जिसमें तीन-चौथाई अफगानी अब बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। अफगानिस्तान में बिगड़ते मानवीय संकट ने परिवारों को जीवित रहने के लिए अपने बच्चों, अक्सर बेटियों, को बेचने जैसे अकल्पनीय कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में गरीबी, भूख, बेरोजगारी और अंतरराष्ट्रीय सहायता में कटौती को मुख्य कारण बताया गया है। इसके साथ ही तालिबान की ओर से महिलाओं और लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंधों ने स्थिति को और भी जटिल बना दिया है।

### इलाज के लिए बेटी को बेचा

इस सप्ताह बीबीसी की घोर प्रांत से आई रिपोर्ट में दिखाया गया कि भीषण भूख और बेरोजगारी से व्याकुल कई परिवार अपनी बेटियों को बेचने पर मजबूर हो गए हैं। एक पिता, सईद अहमद ने बताया कि उन्हें अपनी पांच वर्षीय बेटी शाइका को लीवर सिस्ट और अपेंडिक्स की जान बचाने वाली सर्जरी के लिए बेचना पड़ा। उनकी शर्त यह थी कि खरीदार उसे तभी ले जा सकता था जब आवश्यक चिकित्सा उपचार पूरा हो जाए। शाइका की सर्जरी सफल रही। सर्जरी का खर्च 200,000 अफगानी (लगभग 3,200 अमेरिकी डॉलर से कम) में मिली रकम से पूरा किया गया।

रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया कि चार में से तीन अफगान अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकते है। आपातकालीन स्तर की भुखमरी लगभग पांच मिलियन लोगों को प्रभावित कर रही है। वहीं, कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं के ध्वस्त होने के कारण बच्चों की मृत्यु दर बढ़ रही है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बेरोजगारी चरमराई हुई है। स्वास्थ्य सेवाएं संघर्ष कर रही हैं। लाखों लोगों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने वाली सहायता अब घटकर नाममात्र की रह गई है। समाचार नेटवर्क ने पाया कि घोर में परिवार भूख और बेरोजगारी से निपटने के लिए बच्चों को बेच रहे हैं।



## बच्चों को बेचना ही एकमात्र उपाय

संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अफगानिस्तान में चार में से तीन लोग अपनी बुनियादी जरूरतें भी पूरी नहीं कर पाते हैं। माता-पिता भुखमरी से बचने के लिए बच्चों को बेचने को ही एकमात्र उपाय बताते हैं। एक व्याकुल पिता ने अपनी सात वर्षीय जुड़वां बेटियों, रोकिया और रोहिला का परिचय कराते हुए ब्रिटिश सार्वजनिक प्रसारक को बताया कि वह अपनी बेटियों को भी बेचने को तैयार है क्योंकि वह बेहद गरीब, कर्ज में डूबा हुआ और असहाय है।

## दूसरे बच्चे भूख से मर रहे थे, इसलिए बेचा

पहले की रिपोर्टों में ऐसे माता-पिता के बयान दर्ज किए गए हैं, जिन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बच्चों को इसलिए बेचा क्योंकि 'दूसरे बच्चे भूख से मर रहे थे', जिससे यह एक घटना नहीं बल्कि एक नियमित प्रक्रिया के रूप में सामने आया। 2022 में वीओए के एक कार्यक्रम 'अफगानिस्तान में एक बच्चे को दूसरे से बचाने के लिए बेचना' में उसी वर्ष सूखे से प्रभावित क्षेत्रों में माता-पिता द्वारा परिवार के बाकी सदस्यों को भूख से बचाने के लिए एक बच्चे को बेचने की घटना को दशार्या गया था, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जीवनयापन के लिए आवश्यक गणित को रेखांकित करता है।

अफगानिस्तान में बाल तस्करी

उसी वर्ष, ब्रिटेन के आईटीवी न्यूज ने रिपोर्ट किया कि 'भूखमरी से बेहाल परिवार अपने ही बच्चों को बेचने पर मजबूर हो रहे हैं'। अस्पतालों में दवाइयों और भोजन की कमी के कारण मर रहे कमजोर शिशुओं के फुटेज दिखाए। जर्मनी के डॉयचे वेले (डीडब्ल्यू) ने 'अफगानिस्तान में बाल तस्करी' नामक एक विशेष रिपोर्ट प्रसारित की, जिसमें यह दस्तावेजीकरण किया गया कि कैसे ग्रामीण प्रांतों में आंतरिक रूप से विस्थापित परिवारों को बाल-विक्रय नेटवर्क में धकेल दिया जाता है, जो अक्सर दलालों या रिश्तेदारों द्वारा संचालित होते हैं। ऑस्ट्रेलिया के एसबीएस न्यूज ने 2021 में एक अफगान मां के बारे में रिपोर्ट किया था, जिसने अपने परिवार के बाकी सदस्यों को भुखमरी से बचाने के लिए अपने नवजात जुड़वा बच्चों में से एक को एक निःसंतान दंपति को बेच दिया था। यह मामला देश में मानवीय व्यवस्था के पतन के प्रतीक के रूप में विश्व स्तर पर वायरल हो गया था।

# चीन में बारिश और बाढ़ से भारी तबाही मची, 12 लोगों की मौत, हजारों लोग घर छोड़ने पर मजबूर



**नई दिल्ली।** चीन में भारी बारिश और बाढ़ ने कहर मचा दी है। बारिश की वजह से 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हजारों लोग घर छोड़ने पर मजबूर पर हैं।

सरकारी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इस सप्ताह चीन के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ आई। इसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा।

**11 लोग लापता:** सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बुधवार को बताया कि मध्य चीन के हुनान प्रांत के शिमेन काउंटी में भारी बारिश के बाद पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, 11 लोग लापता हैं। बचाव अभियान जारी है। चीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, मंगलवार शाम तक 19,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका था।

**लगभग 13 इंच बारिश दर्ज:** शिन्हुआ ने बताया कि सोमवार सुबह 7 बजे तक पिछले 24 घंटों में काउंटी में कुल 339 मिलीमीटर (लगभग 13 इंच) बारिश दर्ज की गई। उसने यह भी बताया कि इसके एक कस्बे में कुछ ही घंटों में 240 मिलीमीटर (लगभग 9 इंच) बारिश हुई, जिसने ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ दिए।

**सड़कें नदियों में तब्दील:** पास के हुबेई प्रांत में, कुछ सड़कें नदियों में तब्दील हो गईं। बचाव दल को फंसे हुए निवासियों की मदद के लिए इन्फ्लेटेबल नावों का इस्तेमाल करना पड़ा। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ घर पानी में डूब गए या ढह गए। मंगलवार सुबह तक तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लापता थे।

सीसीटीवी ने मंगलवार को यह भी बताया कि दक्षिण-पश्चिमी चीन के गुइझोऊ प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ के कारण चार लोगों की मौत हो गई है और पांच अन्य लापता हैं।


21 May -26 page 8 20-05-26 10:28 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# दैनिक करंट क्राइम ने जब समाज की कुरीतियों पर ली जनता की राय

## पब्लिक ने कहा, दहेज प्रथा और जातिवाद समाप्त किया जाए




**अशोक**
दहेज प्रथा शादियों में ज्यादा दिखावा और ज्यादा भीड़।

**प्रवीण त्यागी**
दल बदल।

**जोनी जॉनवाल**
दुर्व्यवहार खत्म होना चाहिए आज भी कुछ शक्तिशाली लोग दुर्व्यवहार करते हैं।

**अक्षय अग्रवाल**
स्कूल द्वारा अभिभावकों को बाधित करना कि क्या क्या लेना है और कहां से लेना है... किताबों और ड्रेस के नाम पर उनका शोषण करना...ये समय की मांग है...

**मुकेश राघव**
दिखावा बंद होना चाहिए। दिखावे के चक्कर में घर बर्बाद हो रहे हैं जिस दिन दिखावा बंद हो गया उसी दिन से बदलाव शुरू हो जाएगा।

**हेमन्त नोएडा**
दहेज प्रथा।

**विनिता पाल**
ज्ञान दर्पण दिखाने वाला कोई भी व्यक्ति हो उसे सम्मान मिलना चाहिए मंदिर में पुजारी हो या कथा वाचक।

**जितेन्द्र शर्मा**
दहेज प्रथा

**संजय शर्मा**
मैं चाहता हूँ कि इन्सानियत होनी चाहिए इसको सम्भाल कर रखना चाहिए इस से भाईचारा बना रहे।

**कौशिक पंडित**
नशा खत्म हो यही हमारी प्रथमिकता है।

**प्रमेन्द्र त्रिपाठी**
दहेज प्रथा को समाप्त किया जाना चाहिए।

**विरेन्द्र कुमार कंडेरे**
हर हर महादेव हर हर महादेव। कुछ भी समाप्त करने के लिए इंसान के अंदर आत्म बल का होना आवश्यक है। स्वयं से शुरुआत करो।

**अमित गुर्जर**
दहेज प्रथा समाप्त होनी चाहिए।

**संतराम सिंह**
कानून सबके लिए बराबर हो, कोई निर्दोष जेल न जाए।

**अरुण पंडित**
हलाला।

**आनंद वाजपेयी**
मानसिकता की कुप्रथा! दूसरों के मामलों में बेवजह दखल देना और 'लोग क्या कहेंगे' के डर से अपनी खुशियों का गला घोंटना। यह वो कुप्रथा है जो हर घर में छिपी है।

**सुमित चौधरी**
(दहेज प्रथा) हमारे समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है। इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए केवल कानून ही काफी नहीं है, बल्कि सामाजिक सोच और मानसिक बदलाव की भी सख्त जरूरत है। दहेज प्रथा को जड़ से उखाड़ने के लिए कानून से ज्यादा 'आत्मविश्वास' और 'वैचारिक क्रांति' की जरूरत है। जिस दिन हम अपनी बेटियों को दहेज के बजाय अच्छी शिक्षा और संस्कार रूपी संपत्ति देकर विदा करेंगे, उसी दिन इस कुप्रथा का अंत हो जाएगा। हम सभी को मिलकर इस जहर को खत्म करना बेहद जरूरी है।

**हिंदू मोहित कौशिक**
आरक्षण और दहेज प्रथा।

**विपुल सिंह**
मैं चाहता हूं सबसे पहले इंसानियत होनी चाहिए हमारे आस पास कोई भी दिव्यांग एवं वृद्धजनों का सहयोग करें। असहज नागरिक परिवार परेशानियों का सामना न कर रहा हो उसके घर की रोजी रोटी ठीक चलनी चाहिए।

**मनीष त्यागी**
घटिया और झूठी खबरें दिखाने वाली मीडिया पर कार्रवाई होनी चाहिए। सच और सिर्फ सच यही हो मीडिया का उद्देश्य।

---

# शहर की सुंदरता और हरियाली बढ़ाने पर जोर
## नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश





- मानसून से पहले वृहद पौधारोपण की तैयारी के निर्देश
- ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और पार्कों को संवारने के लिए मालियों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग।

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** गाजियाबाद को स्वच्छता के साथ-साथ हरियाली और सौंदर्य के मामले में भी नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उद्यान एवं निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज सहित विभागीय अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि शहर की पहचान अब केवल सफाई से नहीं बल्कि हरियाली और व्यवस्थित सौंदर्यकरण से भी होनी चाहिए। इसके लिए निर्माण और उद्यान विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज और पार्कों में लगे पेड़-पौधों की नियमित कटिंग, घास की देखरेख और तेज गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पानी के छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

नगर आयुक्त ने कहा कि शहर के प्रमुख पार्कों और हरित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की टूट-फूट या मरम्मत संबंधी कार्य लंबित नहीं रहने चाहिए। निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि ग्रीन बेल्ट, पार्कों और सेंट्रल वर्ज में आवश्यक मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं। साथ ही प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष रूप से हरियाली बढ़ाने की योजना तैयार की जाए।

बैठक में मानसून से पहले बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग को अभी से पौधारोपण स्थलों का चयन करने और उसकी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से मोहन नगर, कविनगर, वसुंधरा, इंदिरापुरम, सिटी जोन और विजयनगर चौराहों पर ग्रीनरी विकसित करने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि उद्यान विभाग शहर को नया स्वरूप देने के लिए फूलों की क्यारियों, सजावटी पौधों और आकर्षक हरित पट्टियों पर विशेष कार्य करे। उन्होंने सुपरवाइजरों और मालियों को आधुनिक उद्यान प्रबंधन की विशेष ट्रेनिंग देने के निर्देश भी दिए ताकि पार्कों और हरित क्षेत्रों का रखरखाव बेहतर तरीके से किया जा सके। इसके अलावा सभी पार्कों और ग्रीन बेल्ट में नलकूपों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने तथा ठेकेदारों द्वारा मेंटेनेंस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग को नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने और हर स्तर पर जवाबदेही तय करने को कहा।

---

# प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026 : 22 मई को सम्मानित होंगे गाजियाबाद के 90 स्कूलों के टॉपर्स, जुटेंगे 1200 लोग
## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और आचार्य प्रमोद कृष्णम होंगे मुख्य अतिथि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन के तत्वावधान में बुधवार को डीएलएफ पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी ने आगामी 'प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026' के भव्य आयोजन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी साझा की।

'मिशन शिक्षित उत्तर प्रदेश 2047' के संकल्प के तहत यह गरिमामयी समारोह आगामी 22 मई को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया जाएगा।

### दिग्गजों की उपस्थिति में मचेगा मेधा का उल्लास

**करंट क्राइम।** समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम महाराज और विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सीबीएसई की क्षेत्रीय अधिकारी एस. धारूनी अरुण उपस्थित रहेंगी, जबकि अध्यक्षता प्रांत संपर्क प्रमुख वेदपाल जी द्वारा की जाएगी।

### 90 स्कूलों के 6-6 टॉपर्स का हुआ रजिस्ट्रेशन

**करंट क्राइम।** संगठन के अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद क्षेत्र के सभी सम्मानित स्कूलों के छह-छह टॉपर छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक सफलता के लिए मंच पर सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष क्षेत्र के 90 प्रतिष्ठित स्कूलों ने अपने टॉपर्स का पंजीकरण कराया है। इस भव्य पुरस्कार समारोह में छात्र, अभिभावक और शिक्षकों को मिलाकर लगभग 1200 लोगों की उपस्थिति रहने का अनुमान है।

### शिक्षा जगत के लोग रहे मौजूद

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और शिक्षाविद् मौजूद रहे। इनमें डीएलएफ पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मृणालिनी व प्रधानाचार्या सीमा जयरथ, सन वैली इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति गोयल, रेडिकॉन पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर-प्रिंसिपल सुमन सिंह, ज्ञान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के दुष्यंत त्यागी और आविष्कार पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मिस्टर अरविंद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### एक नजर में कार्यक्रम

**आयोजन:** प्रेरणा अचीवर्स अवार्ड 2026
**मुख्य विजन:** मिशन शिक्षित उत्तर प्रदेश 2047
**तिथि एवं समय:** 22 मई (शुक्रवार), सुबह 10 :00 बजे से
**कुल प्रतिभागी:** 90 स्कूलों के मेधावी छात्र (प्रत्येक स्कूल से 6 टॉपर्स)
**कुल अपेक्षित उपस्थिति:** लगभग 1200 (छात्र, शिक्षक व अभिभावक)

---

# इंदिरापुरम में महापौर सुनीता दयाल का पैदल एक्शन
## कब्जाधारियों और मनमानी पर फूटा गुस्सा







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में बढ़ती अव्यवस्थाओं, अवैध कब्जों और सड़कों पर फैलती मनमानी को लेकर महापौर सुनीता दयाल का गुस्सा खुलकर सामने आया। इंदिरापुरम क्षेत्र में पैदल निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा कर शहर की व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर अवैध अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और नियमों की अनदेखी देखकर महापौर नाराज नजर आईं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से तीखे सवाल किए और कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद यदि हालात नहीं सुधरे तो जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

महापौर ने स्पष्ट कहा कि इंदिरापुरम जैसे पॉश इलाके में यदि फुटपाथ तक कब्जे में रहेंगे और आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी तो नगर निगम सख्त कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान तेज करने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

इसी बीच शहर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम राहत कार्यों में भी तेजी ला रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के साथ प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन नेट लगाने का अभियान शुरू किया गया है।

सिटी जोन के नवयुग मार्केट रेड लाइट पर करीब 30 मीटर लंबी ग्रीन नेट लगाई गई है, जिससे धूप में खड़े राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिल रही है। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि इससे पहले हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर भी इसी प्रकार की व्यवस्था की गई थी, जिसका सकारात्मक असर देखने को मिला।


नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि नवयुग मार्केट चौराहे से हापुड़, मेरठ और दिल्ली की ओर भारी ट्रैफिक गुजरता है। ऐसे में रेड लाइट पर खड़े लोगों को छांव मिल सके, इसके लिए यह विशेष व्यवस्था की गई है। ग्रीन नेट लगने के बाद लोगों ने राहत महसूस की है और ट्रैफिक सिग्नल पर अनुशासन भी बेहतर हुआ है।

---

# शराब ठेके के पास सज रही अवैध महफिलें
## कनावनी में असामाजिक तत्वों के जमावड़े से जनता में आक्रोश

### स्थानीय निवासियों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** कनावनी गाँव के पुस्ता रोड स्थित देशी शराब ठेके के पास धड़ल्ले से चल रहे अवैध कैंटीन और अहातों के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। नियमों को ताक पर रखकर चलाए जा रहे इन अवैध खोखों और बैठकों के विरोध में स्थानीय निवासी मोनू कुमार ने कनावनी पुलिस चौकी (इंदिरापुरम) में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस से इस मामले में तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता और स्थानीय निवासियों का आरोप है कि शराब ठेके की आड़ में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जहाँ सरेआम शराब पिलाई जाती है। इसके चलते यहाँ दिन-रात असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों का जमावड़ा लगा रहता है। इस रास्ते से गुजरने वाले आम राहगीरों, बुजुर्गों और विशेषकर महिलाओं को भारी मानसिक परेशानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, जिससे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह दूषित हो चुका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमों का सरेआम उल्लंघन कर चलाई जा रही इन गतिविधियों के कारण पूरी कॉलोनी में गहरा आक्रोश व्याप्त है। पुलिस चौकी में दिए पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इस अवैध तंत्र को तुरंत ध्वस्त किया जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बहाल हो सके। अब देखना यह है कि प्रशासन इस शिकायत पर कितनी जल्दी संज्ञान लेता है।

---

# धूप से राहत देने को नगर निगम का नया कदम
## नवयुग मार्केट रेड लाइट पर लगी ग्रीन नेट







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में लगातार बढ़ रही गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत देने के लिए नगर निगम ने विशेष पहल शुरू की है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के साथ अब प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों पर ग्रीन नेट भी लगाई जा रही है। इसी क्रम में सिटी जोन के नवयुग मार्केट रेड लाइट पर करीब 30 मीटर लंबी ग्रीन नेट लगाई गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को धूप से राहत मिल रही है।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि इससे पहले कविनगर जोन के हापुड़ चुंगी रेड लाइट पर भी ग्रीन नेट लगाई गई थी, जहां लोगों को काफी राहत मिली। नवयुग मार्केट रेड लाइट पर ठाकुरद्वारा आने-जाने वाले दोनों मार्गों पर यह व्यवस्था की गई है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार नवयुग मार्केट चौराहे से हापुड़, मेरठ और दिल्ली की ओर भारी ट्रैफिक गुजरता है। ऐसे में रेड लाइट पर धूप में खड़े रहने वाले वाहन चालकों को छांव मिल सके, इसके लिए यह कदम उठाया गया। अधिकारियों का कहना है कि ग्रीन नेट लगने के बाद लोग आराम से सिग्नल का इंतजार कर रहे हैं और ट्रैफिक नियमों का पालन भी बेहतर तरीके से हो रहा है।

---

# तेजाब हमले से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में नेईपुरा लोनी देहात में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी पैरा लीगल वॉलंटियर माया चौहान ने महिलाओं पर तेजाब हमले की घटनाओं, कानूनी अधिकारों और बचाव के उपायों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तेजाब फेंके जाने की स्थिति में पीड़ित को तुरंत पानी के पास जाकर प्रभावित हिस्से पर लगातार पानी डालना चाहिए और बिना देरी नजदीकी सरकारी या निजी अस्पताल पहुंचना चाहिए। कानून के अनुसार कोई भी अस्पताल पीड़ित का इलाज करने से इनकार नहीं कर सकता।

माया चौहान ने बताया कि तेजाब हमले में गंभीर चोट या चेहरा खराब होने पर अपराधी को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुमार्ना हो सकता है। वहीं, तेजाब फेंकने का प्रयास करने पर भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 124(2) के तहत 5 से 7 साल तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पीड़िता को क्षति के आधार पर कम से कम 3 लाख रुपये तक मुआवजा भी दिया जाता है। कार्यक्रम में करीब 20 लोग मौजूद रहे।

---

# किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित किसान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं की जानकारी किसानों के समक्ष प्रस्तुत की, वहीं पिछले किसान दिवस में दर्ज शिकायतों की अनुपालन आख्या भी पढ़कर सुनाई गई, जिस पर कई किसानों ने संतोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र ने बताया कि कुछ शिकायतों का निस्तारण हो चुका है, जबकि शेष मामलों में संबंधित विभागों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और तय समय सीमा में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गन्ना भुगतान, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, सिंचाई व्यवस्था और जलभराव जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। भाकियू जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने गन्ना भुगतान शीघ्र कराने और ग्रामीण क्षेत्रों में कम बिजली आपूर्ति का मुद्दा रखा, जिस पर प्रशासन ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

गन्ना विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि 25 जनवरी 2026 तक का भुगतान किसानों के खातों में 20 मई 2026 को ट्रांसफर किया जाएगा, जबकि शेष भुगतान की प्रक्रिया भी जल्द पूरी करने का भरोसा दिया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने भुगतान की स्पष्ट समय सीमा तय कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।